CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15° C
न्यूनतम: 04° C

मुरादाबाद, शुक्रवार 9 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 146 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्णा पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी सरकार का दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान पेज 2





हम श्रीलंका में विश्व कप खेलना चाहते हैं : बांग्लादेश खेल टाइम्स



सब कुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत सम्पादकीय



भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका! पेज 12



नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस के पूर्वाभ्यास के दौरान दिल्ली पुलिस के जवान।

# स्टार्टअप व AI उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है, जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।



■ प्रधानमंत्री ने एआई स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की

### सोमनाथ मंदिर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के लेख को मोदी ने सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और कहा कि यह मंदिर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।' हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक' शीर्षक इस लेख में श्री सिंधिया ने कहा है,' सोमनाथ मंदिर की (पिछले) हजार वर्ष की यात्रा हमें सिखाती है कि स्मृतियां कभी मिटती नहीं और सच्ची आस्था कभी हारती नहीं। उनके इस लेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर देश की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि पिछले 11 वर्षों में सोमनाथ मंदिर से राम जन्मभूमि तक जो परिवर्तन हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने विस्तार से इस पर अपनी बात साझा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थरबाजी मामला: सपा सांसद से पूछताछ करेगी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 6 जनवरी की रात फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पत्थरबाजी को लेकर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों के बार-बार कहने के बावजूद नदवी घटनास्थल से नहीं गए और आसपास मौजूद रहे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पत्थरबाजी में शामिल 30 लोगों और सोशल मीडिया पर मस्जिद गिराने की अफवाह फैलाने वाले 10 इन्फ्लुएंसर की पहचान की है। हिंसा के मामले में 6 और गिरफ्तारियों के साथ कुल 11 लोग पकड़े गए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। दरअसल पूरा मामला फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने से जुड़ा है। पुलिस की टीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटाने गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैलाई कि मस्जिद गिराई जाएगी। जिससे हिंसा भड़की। पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके गए, 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सपा नेता एस टी हसन ने कहा कि यहां 100 साल पुरानी मस्जिद और दुकानें हैं।

### जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारेबाजी एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जेएनयू में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के सीएसओ ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दोनों 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं।

### ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में मारे छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा कि यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था।

# कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं इसलिए काटते हैं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों में लगातार दूसरे दिन शीर्ष अदालत में हुई सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं।

इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इन्कार किया। फिर जस्टिस ने कहा कि अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए। याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा कि हर पालतू कुत्ते का मालिक होता है। जबकि आवारा कुत्ते का कोई मालिक नहीं होता। न ही यह राज्य की जिम्मेदारी है। हालांकि राज्य का काम वैक्सीनेशन वगैरह देना है। एबीसी नियम ऐसे होने चाहिए कि मेरे घर तक का रास्ता सुरक्षित रहे। वकील (कुत्तों को हटाने के पक्ष में) ने कहा कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। कुत्ते को समझाना (काउंसलिंग) संभव नहीं है, लेकिन कुत्ते की देखभाल करने वाले या मालिक को समझाया जा सकता है। हर डाग लवर और एनजीओ को याचिका लगाने में एक तय राशि जमा करनी होती है। इस शर्त को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने हल्के अंदाज में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती, तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है, जो आखिरी बार 2009 में हुई थी। सिर्फ दिल्ली में 5,60,000 कुत्ते थे। सेंटर्स की हाउसिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही तय संख्या में जानवरों को पकड़ा जाना चाहिए।

सुनवाई के दौरान वकील बोले- देश में सिर्फ पांच सरकारी शेल्टर, हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत



### जज कैश कांड: कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया।

हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिति के सामने जवाब देना है। दरअसल, जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है। एक दिन पहले, 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।

■ जवाब देने के लिए समय बढ़ाने से इन्कार

# यूपी में कोहरे से छह सड़क हादसे, सात लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। कोहरे के चलते दिल्ली से मप्र आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में कोहरे की वजह से गुरुवार सुबह 6 हादसे हुए। इनमें 14 गाड़ियां टकराईं और 7 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि इसमें 8 लोग घायल भी हुए हैं जिनका इलाज जारी है।

वाराणसी- मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा। उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। मध्य प्रदेश के शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 9 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी रहेगी। हरियाणा में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। दिन में रात की तरह ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम में 15 किमी/घंटा की रफ्तार से ठंडी हवा चल रही हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है।



■ आठ लोग हुए घायल
■ उत्तराखंड में तापमान 21 डिग्री दर्ज

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमी जिंदगी, श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भीषण शीतलहर की चपेट में हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में कई जगहों पर मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल और ऊंचे इलाके सबसे सर्द रहे। सोनमर्ग में सबसे कम तापमान - 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके बाद गुलमर्ग में -9. 2डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में -8.6 डिग्री सेल्सिसय रहा। शोपियां में भी तापमान -7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का तापमान -5. 1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछली रात के -1.6 डिग्री सेल्सियस से काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण गिरावट है। जम्मू क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट देखी गई, हालांकि अधिकांश स्टेशनों पर तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा। शीतकालीन राजधानी जम्मू में न्यूनतम तापमान 7.1डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को तापमान में गिरावट आने एवं शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड का प्रकोप रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से लोगों को ज्यादा ठंड महसूस हुई। विभाग के अनुसार सुबह 8:30 बजे पालम में इलाके का सबसे कम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था।

# हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए: एयर चीफ मार्शल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को कैरियर के संबंध में एक सशक्त संदेश दिया कि उन्हें असफलताओं से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता अंत नहीं बल्कि अक्सर महानता की शुरुआत होती है।

उन्होंने कैडेटों से एनसीसी के मूल्यों को हमेशा याद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए। एयर चीफ मार्शल सिंह ने यहां दिल्ली छावनी स्थित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के बेहद व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिनमें बचपन में स्कूल में दाखिला न मिल पाने से लेकर सेवा के दौरान पहले पदोन्नति बोर्ड में चूकना तक शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में से एक के प्रमुख बने। युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक विकास प्रतिस्पर्धा से नहीं, आत्म-सुधार से होता है। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो जिस दिन आप उनसे आगे निकल जाएंगे, उस दिन आपकी प्रगति रुक जाएगी। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें। आज से बेहतर बनने का प्रयास करें। दृढ़ संकल्प के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि असफलता प्रयास का स्वाभाविक परिणाम है और इससे कभी डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग असफल होते हैं जो प्रयास करते हैं, जो कुछ नहीं करते, वे कभी असफल नहीं होते। अपने जीवन की सच्ची घटनाएं साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा के राई स्थित स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्होंने यह भी बताया कि एक बार वह अपनी पदोन्नति परीक्षा में चूक गए थे, जिससे उनकी पदोन्नति अपने बैच के सहयोगियों की तुलना में एक वर्ष देर से हुई। उन्होंने कहा कि लेकिन फिर भी मैं प्रमुख बना। यह नियति में लिखा था। भगवद गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, पूरे मन से काम करना चाहिए और परिणामों से अत्यधिक आसक्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी, अपना सर्वश्रेष्ठ दें, कड़ी मेहनत करें और जो भी परिणाम आए, उसे गरिमा के साथ स्वीकार करें। कैडेटों से महत्वाकांक्षी, लेकिन विनम्र बने रहने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयास और सीखने की यात्रा मुकाम से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता के कोई 'शॉर्टकट' नहीं होते और कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा माता-पिता और शिक्षकों द्वारा दिए गए मजबूत मूल्य ही स्थायी सफलता की नींव होते हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सेना में शामिल होना और देश की सेवा करना ही एनसीसी का एकमात्र लक्ष्य नहीं है।

■ एनसीसी कैडेटों को कैरियर के संबंध में दिया सशक्त संदेश
■ कहा: असफलताओं से डरना नहीं चाहिए



# आईटी सेल इंचार्ज के घर और ऑफिस पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पीएसी के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं।

ईडी के मुताबिक, इसके बाद मुख्यमंत्री साल्ट लेक स्थित आई-पीएसी कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। इस कार्रवाई के विरोध में ममता शुक्रवार 2 बजे मार्च निकालेंगी। ईडी के अफसर प्रतीक के घर और ऑफिस से कई डॉक्यूमेंट्स ले गए। सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी।

■ गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे: ममता
■ मामला हाईकोर्ट पहुंचा, आज सुनवाई

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों की सुविधा के लिए चार पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेला 2026 का आयोजन तीन जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में किया जा रहा है। आस्था, संस्कृति और सुव्यवस्था का प्रतीक बनता यह मेला अब पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान गढ़ रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने माघ मेला क्षेत्र में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार ये चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन और अरैल घाट के समीप स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है।

### मुंबई हवाई अड्डे ने बनाया यात्रियों का नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 2025 में 5.55 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1.3 प्रतिशत और वर्ष 2023 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है। कुल यात्रियों में 1.63 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय व 3.92 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं। हवाई अड्डे के लिए जनवरी 2025 अब तक का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें करीब 50 लाख यात्रियों ने यहां से सफर किया। इसके बाद नवम्बर 2025 में 49 लाख यात्रियों की आवाजाही रही।

# केंद्र सरकार पर जांच एंजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**प. बंगाल में विपक्ष को डराने व राजनीतिक प्रक्रिया में दखल की कोशिशें जारी:तृणमूल कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल में विपक्ष को डराने और राजनीतिक प्रक्रिया में दखल देने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

टीएमसी ने यह आरोप पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद साकेत गोखले के इस दावे के बाद लगाया गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पार्टी की अंदरूनी चुनावी तैयारियों की जानकारी हासिल करने के मकसद से तलाशी ली। गोखले ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि ईडी ने आज सुबह टीएमसी के संभावित उम्मीदवारों, चुनाव रणनीति और अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज जब्त किए। इस कार्रवाई को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि बंगाल में मोदी-शाह की गंदी चालें एक नए स्तर पर पहुंच गई हैं। आज सुबह वे अपनी पालतू एजेंसी ईडी का इस्तेमाल करके हमारे संभावित उम्मीदवारों, हमारी चुनाव रणनीति और हमारे अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज चुरा रहे हैं।

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

## कहा: वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ‘एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए' के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है। सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साजिश भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के जरिए जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना ही उनका उद्देश्य है। यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहे, अपना वोट जरूर बनवाए।

### सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन

**लखनऊ/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक विजय सिंह गोंड का गुरुवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक, मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते विधायक की मृत्यु हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनभद्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है। दुद्धी विधानसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। विजय सिंह गोंड को आदिवासी राजनीति का ‘पितामह' माना जाता था।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन में हंगामा और जमकर नारेबाजी

# दिल्ली विस में कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सिख गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष हंगामे के कारण कार्यवाही तीन बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामें के बीच ही विपक्ष की नेता के सिख गुरु के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश दिए। अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही भी एक दिन बढ़ा दी है। चार दिवसीय इस सत्र का गुरुवार को अंतिम दिन था, जिसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पूर्वान्ह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी सदस्यों ने गुरु तेग बहादुर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और अध्यक्ष से विपक्ष की नेता आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक ‘गुरुओं का अपना नहीं, नहीं सहेंगे' नारा लगा रहे थे। इसी बीच आम आदमी पार्टी के सदस्य सदन में आ गए और वे भी हंगामा करने लगे। आप के सदस्य संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे और वे सदस्य पोस्टर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर श्री मिश्रा के खिलाफ स्लोगन लिखे हुए थे। आप के सदस्य हालांकि सदन के बीचोबीच नहीं गए। दोनों पक्षों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच गुप्ता ने सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं रूका। इस पर उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो भाजपा और आप के सदस्य फिर हंगामा करने लगे। इस दौरान भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ और आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और दोनों दलों के सदस्य सदन के बीचोबीच आ गए। विस अध्यक्ष के बार-बार आग्रह करने के बाद हंगामा कर रहे सदस्य जब शांत नहीं हुए, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद अपराह्न साढ़े 12 बजे सदन की फिर से शुरू हुई, तो दोनों दलों के विधायक फिर हंगामा करने लगे। आप के विधायक हाथों में ‘कपिल मिश्रा इस्तीफा दो' के नारे लिखे थे। इस बार दोनों दलों के सदस्य तख्तियां लिए थे। विधायकों के हंगामे के बीच गुप्ता ने कहा कि चूंकि दोनों दलों ने गुरु तेग बहादुर को लेकर सदन में कही गई बात वाले वीडियो की जांच की मांग की है, इसलिए वह वीडियो की फोरेंसिक जांच का आदेश देते हैं, जिसकी रिपोर्ट 15 दिन में आ जाएगी।

### आतिशी ने जानबूझकर किया गुरुओं का अपमान: मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि नेता विपक्ष आतिशी जिस प्रकार खुद को सही साबित करने की कोशिश कर रही है उससे साबित होता है कि उन्होंने गुरुओं का अपमान जानबूझकर किया है। मिश्रा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से गुरुवार को कहा कि इस सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बहुत बड़ा पाप किया है। गुरुओं का अपमान किया और एक पेशेवर अपराधी की तरह वो अपराध करके फरार हैं। सदन के अंदर आने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। अध्यक्ष ने कई बार उनको बुलाया, उसके बाद भी वह सदन में नहीं आयीं। उन्होंने कहा कि कि सुश्री आतिशी का व्यवहार एक अपराधी जैसा है कि पहले अपराध करते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं।

# प्रधानमंत्री कार्यालय से इंदौर की घटना की जांच के आदेश हों: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के इंदौर में गंदा पानी पीने लोगों की मौत को भारतीय जनता पार्टी सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए कहा है कि इसकी जांच खुद प्रधानमंत्री कार्यालय से हो और अलग से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते शहर के पीने के पानी में सीवेज के पानी को घुसने दिया गया और नागरिकों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज करके हजारों लोगों की जदिगी खतरे में डाली गई है। पार्टी का कहना है कि यह घटना भाजपा सरकार की लापरवाही से हुई है जबकि इस घटना को रोका जा सकता था। इस लापरवाही के कारण जब मासूम बच्चे और शिशु मर रहे हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री अपनी चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना भाजपा सरकार के घमंड, नाकाबिलियत और इंसानी जदिगी की पूरी तरह से अनदेखी को सामने लाती है। मध्य प्रदेश के लोग न्याय, जवाबदेही और तुरंत सुधार के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि भाजपा अपनी नाकामी और अपनी बड़ी लापरवाही की वजह से गई जानें के लिए जवाब दे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार का क्रूर, निर्दई और पूरी तरह से उदासीन चेहरा इस घटना से उजागर हो गया है। इंदौर में, मध्य प्रदेश की सरकार की बड़ी लापरवाही, नाकाबिलियत और साफ बेपरवाही की वजह से छह महीने के एक बच्चे समेत 18 मासूम जानें चली गईं।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स दो महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



वैश्विक अनिश्चितताओं से दुनिया के दूसरे शेयर बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजारों में भी गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की नीचे में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक (0.92 प्रतिशत) टूटकर गत 11 नवम्बर के बाद के निचले स्तर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। यह 18 दिसम्बर के बाद का इसका निचला स्तर है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी अनुसंधान प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि बाजार में आगे भी गिरावट जारी रह सकती है। निफ्टी-50 सूचकांक 25,700 अंक तक और सेंसेक्स 83,700 अंक तक उतर सकता है। अमेरिका के 66 वैश्विक संधियों से अलग होने और रूस पर कड़े प्रतिबंध वाला विधेयक लाने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेशक बिकवाल रहे। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.99 प्रतिशत लुढ़क गया। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी चेतावनी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार बिकवाल रहने से बाजार में गिरावट आई है। सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

धातु समूह का सूचकांक 3.40 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.84, सार्वजनिक बैंकों का 2.08, आईटी का 1.99, रियलिटी का 1.71, फार्मा का 1.39, स्वास्थ्य और मीडिया दोनों के 1.38, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं का 1.43 और रसायन समूह का सूचकांक 1.22 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक फीसदी के करीब टूटे। बिकवाली इतनी व्यापक रही कि एनएसई में जिन 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुए उनमें 2,625 के शेयर गिरावट में और 545 के बढ़त में बंद हुए। अन्य 77 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स में एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 3.35 फीसदी गिरकर बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 2.94 प्रतिशत, टीसीएस में 2.74 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.25 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1.93 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.75, पावरग्रिड का 1.74 और इंफोसिस का 1.57 प्रतिशत लुढ़क गया। एनटीपीसी में 1.38 प्रतिशत, सनफार्मा में 1.18, बजाज फिनसर्व में 1.16 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इंटरनल का शेयर 0.91 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.63 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी के डैक्स में 0.14 फीसदी और ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.27 फीसदी की गिरावट थी।

# चावल, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ दर्ज की गई

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी महंगी हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और उड़द दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 4,042 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की बढ़त में 49.47 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 27 रुपये और सरसों तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 14 रुपये और पाम ऑयल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7792.58 रुपये, मसूर काली 8145.87 रुपये, मूंग दाल 10103.84 रुपये, उड़द दाल 10410.20 रुपये, तुअर दाल 10618.56 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.19 रुपये और चावल 3856 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4306.46 रुपये और गुड़ 4992.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17668.22 रुपये, मूंगफली तेल 17859.28 रुपये, सूरजमुखी तेल 15849.08 रुपये, सोया तेल 13741.20 रुपये, पाम ऑयल 12465.62 रुपये और वनस्पति 14515.13 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# अटल आवासीय विद्यालयों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अहम मदद करेगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता, तार्किक सोच और जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करेगी। डा. शन्मुगा ने गुरुवार को बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, भाषा पर पकड़ और आलोचनात्मक सोच को सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित एवं गुणवत्तापूर्ण हिदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं, नवीन विकास और खेल से संबंधित समाचार पढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। जारी निर्देशों के तहत प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद तथा कक्षा का नियमित पठन-पाठन शुरू होने से पहले 10 मिनट का समय समाचार पत्र पठन के लिए निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही रोजाना पांच नए या कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर लिखे जाएंगे। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड पर ‘आज का सुविचार' प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक दिन संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों से विज्ञान, पर्यावरण और खेल विषयों पर न्यूज क्लिपिंग स्क्रैपबुक तैयार कराई जाएगी। छात्रों की मानसिक और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए सुडोकू, शब्द पहेली और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने विद्यालय की त्रैमासिक समाचार पत्र या पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो




**कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की रिपोर्टों को नकारा**

लखनऊ। प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसम्बर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गई है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें। साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है। साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसम्बर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिली है।

# पिकअप वाहन मालिक व चालक की मौत

## डेयरी में दूध की सप्लाई कर लौटते समय पिकअप की ट्रक से टक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर ग्राम आंकू के पास डेयरी प्लांट से दूध की सप्लाई डालकर वापस लौट रहे पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर में पिकअप वाहन के चालक व मालिक की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बरूकी से ग्राम सिकेड़ा निवासी पिकअप वाहन मालिक नितिन चौधरी (32 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार गांव के ही चालक ऋतिक उर्फ गोलू कश्यप (22 वर्ष) पुत्र धर्मपाल सिंह ग्राम बरूकी डेयरी से दूध की सप्लाई लेकर नूरपुर धौकलपुर गए थे। वहां से वापस लौट रहे थे। बुधवार की रात करीब 11:00 बजे नहटौर के नूरपुर मार्ग पर गांव आंकू के पास उनके पिकअप वाहन व ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें दोनों की मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पिकअप वाहन गांव की डेयरी से दूध एकत्रित करके उसकी सप्लाई प्लांट में ले जाने का काम करता था। पिकअप वाहन मालिक नितिन चौधरी के पुत्र का जन्मदिन भी था। नितिन चौधरी की मौत से परिवार की खुशियां गम में तब्दील हो गई।







## युवक का शव मिलने से सनसनी

**किरतपुर।** मंडावर रोड स्थित मालन नदी पुल के पास बुधवार की शाम एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान थाना मंडावर क्षेत्र के ग्राम किशनबास निवासी बबलू सैनी (26 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश सैनी के रूप में हुई है। बताया गया कि बबलू सैनी बुधवार दोपहर करीब 2 बजे किसी कार्य से किरतपुर आया था। शाम के समय घर के लिए रवाना हुआ लेकिन घर नहीं पहुंचा। आज दोपहर राहगीरों ने उसके शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से एक मोटरसाइकिल व एक थैला पड़ा हुआ मिला।

## एक नजर

### बढ़ापुर थाने का निरीक्षण



**बिजनौर।** सीओ नगीना के द्वारा बढ़ापुर थाने का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना परिसर, मिशन शक्ति केन्द्र एवं थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के सही रख-रखाव एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### स्योहारा का सद्दाम गिरफ्तार




**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने स्योहारा के मौहल्ला हयात नगर निवासी सद्दाम उर्फ भूरा पुत्र नजाकत को गिरफ्तार किया है। वादी ने कोतवाली देहात थाने में दस दिसम्बर को तहरीर दी थी कि अभियुक्त सद्दाम उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। तहरीर के आधार पर धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने पांच जनवरी को किशोरी को बरामद कर लिया था। सद्दाम के द्वारा उसकी इज्जत लूट ली गई थी। जिसके बाद पुलिस ने अभियोग में धारा 64 (2) (एम) बीएनएस व 5(एल)/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की थी।

### सादगी के साथ कम्बल बांटे



**अफजलगढ़।** क्षेत्र की जानी-मानी सामाजिक संस्था अलहम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी मानियावाला द्वारा पिछले वर्षों की तरह को गरीब व असहाय परिवारों को सादगी के साथ साठ कम्बलों का वितरण किया। सोसाइटी के अध्यक्ष कारी मौहम्मद कासिम व कोषाध्यक्ष फरीद ने जानकारी देते हुए बताया गया वह संस्था की स्थापना के बाद से प्रतिवर्ष गरीब, असहाय व कमजोर परिवारों को चिन्हित कर कम्बल बांटते हैं। त्योहारों पर खाद्य सामग्री किट व गरीब बहन-बेटियों की शादियों में सहयोग जैसे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। इस मौके पर सोसायटी के संरक्षक हाजी लियाकत ठेकेदार, अध्यक्ष कारी मौहम्मद कासिम, कारी अब्दुल्लाह, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद सलमान, मौहम्मद नईम, मौहम्मद नौशाद, रिजवान, मौहम्मद इस्लाम, डॉ. मौहम्मद इकबाल, मौहम्मद शाहनवाज, मौहम्मद शोएब, मौहम्मद आजम, मौहम्मद राशिद, जीशान लियाकत, इकबाल मेंबर, मौहम्मद मोइन, मौहम्मद रिफाकत, मौहम्मद दानिश, मौलाना आजम आदि मौजूद रहे।

### शौर्य दिवस पर विहिप का कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से शौर्य दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड मालिनी नगर में मालन नदी के निकट श्री बालाजी मंदिर धाम पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से शौर्य दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सनातन के लिए क्षेत्र में काम कर रही विभिन्न विभूतियां को सम्मानित किया गया। श्री राम जन्मभूमि पर 528 वर्ष बाद श्री राम लला विराजमान हुए और भव्य मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ, इसी उपलक्ष्य में पूरे देश में शौर्य दिवस मनाया जा रहा है। जगह-जगह शौर्य यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद से सामाजिक समरसता मेरठ प्रांत के प्रांत समरसता प्रमुख ऋषिपाल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत नागेंद्र महाराज की। दिनेश खन्ना के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष बलराम राजवंशी, ललित पाल मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, मनोज नामदेव, सतीश नामदेव, मनमोहन सिंह, दीपक शर्मा, पीयूष, राजेश तागरा नगर उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, कपिल शर्मा, पवन शर्मा, संजीव, अंकित, अजय गुप्ता, मोहन गुप्ता, मनीषा आदि मौजूद रही।

### डॉ. तुषार ने फर्जी डॉक्टर को नहीं पहचाना

**बिजनौर।** जिला अस्पताल में फर्जी डॉक्टर प्रकरण की गुत्थी सुलझने के बजाय उलझती जा रही है। तीन सदस्य कमेटी के सामने चिकित्सक के बयान हुए। कमेटी के सामने डॉ. तुषार ने फर्जी डॉक्टर को पहचानने से ही इंकार कर दिया। जबकि वायरल वीडियो में फोन पर वह फर्जी डॉक्टर दिनेश को अपना असिस्टेंट बता रहे हैं। प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने फर्जी डॉक्टर प्रकरण की जांच के लिए सीएमएस डॉ. बीआर त्यागी, डॉ. रजनीश शर्मा व डॉ. विजयंत की तीन सदस्य कमेटी गठित की थी। कमेटी ने डॉ. राजीव रस्तोगी, फार्मासिस्ट राजेश रवि, आनंद, डॉ. तुषार सिंह, डॉ. अभिषेक के बयान दर्ज किए। डॉ. तुषार सिंह ने फर्जी चिकित्सक के पास उनकी मुहर कैसे पहुंची, उस दिन कहां थे, कब से अस्पताल में तैनात हैं, सहित अन्य सवाल पूछे गए। जांच में डॉ. तुषार सिंह ने कहा कि वीडियो में दिखाई दे रहे फर्जी डॉक्टर को नहीं जानते। उनका पुराना असिस्टेंट दिनेश था। इसलिए उसका नाम लिया। अभी फिलहाल, फर्जी डॉक्टर प्रकरण की जांच पूरी नहीं हुई है। कुछ लोगों के बयान होने बाकी हैं।

## एक नजर

### दबंग की कारस्तानी से विवाद



**राजा का ताजपुर।** पुराने सरकारी अस्पताल में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सीसी रोड पर दबंग अपने घर का गेट जबरदस्ती लगा रहा था। ग्रामीण ने उसको गेट लगाने से मना किया, तो वह झगड़े पर उतारू हो गया और दोनों में देखते ही देखते विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसी ने उसके गेट के सामने सरकारी सीसी रोड पर दीवार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान पति हाजी शमशाद फरीदी व शाहरुख फरीदी ने दीवार को अपने हाथों से हटवा दिया। घटना की पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत किया। पुराने सरकारी अस्पताल की तरफ अवैध रूप से अफजाल अहमद अपने घर के पीछे तक आने वाली सीसी रोड पर आवागमन के लिए गेट लगवा रहा था। इसी दौरान पड़ोस में स्थित खाली पड़े प्लाट मालिक शकील अहमद ने गेट लगाने का विरोध करते हुए सीसी रोड पर रास्ता अवरुद्ध करने की मंशा से दीवार का निर्माण करा दिया। ग्राम प्रधान पति शमशाद अहमद फरीदी ने बताया कि मैंने मौके पर पहुंच कर सरकारी सड़क पर बनाई गई अवैध दीवार को हटवा दिया है। इसके बाद शकील अहमद व अफजाल के खिलाफ पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में दोनों पक्षों चालान कर दिया। अफजाल अंसारी के परिवार की महिलाएं जबरदस्ती अवैध तरीके से गेट लगाने लगी, तो दूसरे पक्ष की महिलाएं भी सामने आ गई।

### पीड़ित से मिले व्यापारी नेता



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिटी मोबाइल की दुकान के मालिक से मिले और उन्हें हिम्मत बढ़ाते हुए उनके साथ खड़े होने की बात कही है। इस दौरान पीड़ित दुकानदार से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली गई। सीटी मोबाइल के स्वामी की दुकान स्टेशन रोड पर है। जिसमें आग लग गई थी। सभी व्यापारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के सभी व्यापारी पीड़ित दुकानदार के साथ हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, प्रदेश मंत्री संगठन डॉ. राजीव अरोड़ा, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, स्टेशन रोड मार्केट के अध्यक्ष पंकज वर्मा, मोनू टाटा, शेर अली, आशु राजपूत, मौहम्मद आसिफ, परवेज अली, दानिश अंसारी, मौहम्मद इरफान आदि मौजूद थे।

### किशोर का शव फंदे पर लटका मिला

**रायपुर सादात।** बीती शाम से घर से लापता हुए एक मंद बुद्धि किशोर का शव फांसी के फंदे पर गांव से कुछ दूरी पर आम के बाग में लटका मिला। सवेरे बाग स्वामी अपने खेतों पर टहलने गए थे, तो उन्होंने एक किशोर का शव अपने बाग में लटका देखा। बाग स्वामी ने सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है मृतक किशोर मंदबुद्धि था। बताते है कि ग्राम मोल्हड़वाला निवासी सुंदर शर्मा का करीब 17 वर्षीय पुत्र भूरे बुधवार की शाम को मास्टर राजेंद्र सिंह चौहान के खेतों से पशुओं का चारा काट कर लाया था। उसके बाद शाम को ही वह घर से चला गया। सुंदर शर्मा ने मास्टर राजेंद्र सिंह चौहान ग्राम हैदराबाद निवासी का खेत बटाई पर ले रखा है। भूरे को परिजनों ने देर रात तक काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला था। सवेरे टहलने के लिए मास्टर राजेंद्र सिंह चौहान जब अपने खेतों की ओर गए तो उन्हें भूरे का शव बाग में एक पेड़ से लटका मिला। उसके गले में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगा था और चप्पल भी पेड़ पर रखी थी। घटना की सूचना मिलते ही फांसी पर झूल रहे भूरे के शव को देखने के लिए ग्रामीणों का तांता लग गया।

# व्यापारियों व डॉक्टरों के बीच टकराव

## सभासद को धमकी देने पर बंद रहा सर्राफा बाजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डॉक्टर के द्वारा सभासद को धमकी दिए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। एक तरफ जहां विरोध में सर्राफा बाजार बंद रहा, वहीं दूसरी तरफ आरोपी डॉक्टर के पक्ष में अन्य डॉक्टर भी साथ आ गए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार डॉ. दीपिका चौधरी व उनके पति जतिन चौधरी के द्वारा सभासद लक्ष्मी वर्मा को धमकी दिए जाने के मामले में सर्राफा स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, महामंत्री जग बहादुर वर्मा एवं कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्राधिकारी व शहर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डॉ. दीपिका चौधरी एवं उनके पति जतिन चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए गए। संघ की ओर से बताया गया कि तीर्थ ज्वेलर्स के स्वामी विजय सागर वर्मा की पत्नी लक्ष्मी वर्मा वार्ड नंबर 29 से नगर पालिका की सभासद हैं। आरोप है कि छह जनवरी की शाम लगभग चार से पांच बजे के बीच डॉ. दीपिका चौधरी, अपने पति जतिन चौधरी, देवर मयंक चौधरी, मानव चौधरी तथा कुछ अज्ञात लोगों के साथ उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट की गई तथा गंदी-गंदी गालियां दी गईं। साथ ही शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और जाते समय गंभीर धमकियां भी दी गई। पुलिस अधिकारियों से मिलने वालों में अतुल अग्रवाल, विशु दास, पंकज वर्मा, संजीव वर्मा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। हालांकि पुलिस अधिकारियों के द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही के आश्वासन पर बाद में सर्राफा बाजार खोल दिया गया।




दूसरी तरफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सीपी सिंह ने डॉ. दीपिका और सभासद लक्ष्मी वर्मा के आपस में चल रहे विवाद में बयान जारी कर की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिजनौर यूनिट के अध्यक्ष डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि एसो. के किसी भी सदस्य का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। डॉ. सीपी सिंह ने कहा की जो भी मैटर चल रहा है, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। निष्पक्ष जांच में जो सच्चाई सामने आए, उस पर अमल कराया जाना चाहिए। लेकिन सिर्फ इसलिए कि अस्पताल संचालक एक डॉक्टर है, उसका शोषण हम किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर बिना वजह हमारे किसी भी डॉक्टर को परेशान किया जाता है, तो हम सख्त कदम उठाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चाहे हमें इसके लिए हड़ताल पर ही क्यों न जाना पड़े।

# घने कोहरे में पुलिसकर्मी की दुर्घटना में मौत

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबपुरा निवासी कृष्ण कुमार नैनवाल (32 वर्ष) पुत्र धर्मा नन्द नैनवाल जनपद सम्भल के थाना रजपुरा की चौकी नवाह पर सिपाही के पद पर तैनात था। बीती रात्रि पीसीआर बाइक द्वारा ड्यूटी पर जाते समय घने कोहरे के कारण सामने से आ रही अन्य बाइक से भीषण टक्कर हो जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी पुलिस कर्मी विकास कुमार पुत्र धर्म पाल निवासी ग्राम छुरी जनपद सरधना भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें स्थानीय पुलिस ने सीएचसी रजपुरा भर्ती कराया। वहां से गम्भीर अवस्था में कॉसमॉस हॉस्पिटल मुरादाबाद ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सिपाही कृष्ण कुमार नैनवाल की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को पैतृक ग्राम नवाब पुरा शव पहुंचने पर शौक की लहर दौड़ गई। शाम को महादेव रामगंगा शांति स्थल भिक्कावाला पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर उन्होंने सलामी दी।



# नूरपुर में मुस्लिम फंड ने बांटे कंबल

## चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह ने भी सराहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** कौमी इत्तहेदी वेलफेयर सोसाइटी मुस्लिम फंड की ओर से गरीबों में कंबल वितरित किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग तीन सौ कंबलों का वितरण किया गया। पालिका के चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह ने कंबल वितरित करते हुए कहा कि मानवता का तकाजा है कि हर व्यक्ति अपने पड़ोसियों और समाज के कमजोर वर्ग का ध्यान रखे। उन्होंने कहा इंसानियत सब से बड़ी इबादत है।

सर्दियों के मौसम में गरीबों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों को बांटने का काम करें। उन्होंने मुस्लिम फंड की इस काम के लिए सराहनीय की तारीफ करते हुए कर्मचारियों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरित किए, वह बधाई के पात्र है।

कार्यक्रम में पालिका सभासद मौहम्मद यूसुफ, व्यापारी नेता मुकुल गुप्ता, मौलाना मौहम्मद इरशाद, सरदार गुरवंत सिंह गोल्डी, रईस अहमद, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद सलीम, फरहान अय्यूब, मौहम्मद सुहैल, हाजी इस्लामुद्दीन, डॉ. अबरार अहमद, इकबाल अहमद, मनोज बंसल, गुलफाम राजा, शादाब इदरीसी, मौहम्मद नासिर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# हैंडबॉल चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## केरला ने वेस्ट बंगाल को हराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में चल रही नेशनल स्पीड हैंडबाल चेम्पयिनशिप के दूसरे दिन टीमों ने पसीने बहाए। नेशनल स्पीड हैंडबाल चैम्पयनशिप के दूसरे-दिन पुरुष वर्ग में केरला ने 13-09 से वैस्ट बंगाल को पराजित किया।

छत्तीसगढ़ ने पंजाब को टक्कर मुकाबले में हरा दिया। उधर हरियाण ने उत्तर-प्रदेश को 02-15 से हरा दिया। राजस्थान में महाराष्ट्र को 14-09 से हरा दिया। विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी ने पंजाब 31-06 से परास्त कर दिया। हरियाणा ने गोपी एकेडमी को 15-12 से हरा दिया। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ ने उत्तराखण्ड को 00-19 से एकतरफा मुकाबले में परास्त किया। दिल्ली ने राजस्थान को 09-24 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 04-12 से परास्त किया। हरियाणा ने गोपी एकेडमी को 01-26 से परास्त किया। दिल्ली ने छत्तीसगढ़ को 08-23 से हरा दिया। इस अवसर पर चीफ रैफरी चेयरपर्सन पंकज शर्मा, चीफ टैक्नीकल कम्युनिटी चेयरमैन रोहित सिंह, टैक्नीकल कम्युनिटी वाइस चेयरमैन प्रकाश मिश्रा, ऑग्रेनाइजिंग सैक्रेटी विवेक गिरि, दिल्ली सचिव पुनित डबास, चीफ जज मनीष, मीणा उत्तर प्रदेश स्पीड हैडबाल के सचिव पप्पल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कर्नाटक पुलिस धामपुर पहुंची

## लाखों की चांदी चोरी का मामला, सराफा बाजार फिर सुर्खियों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** लाखों रुपए की करीब 10 किलो चांदी की चोरी के एक मामले में कर्नाटक पुलिस की टीम धामपुर पहुंची है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कर्नाटक पुलिस की यह कार्रवाई दरोगा विनय कुमार के नेतृत्व में धामपुर थाने पहुंचकर की गई।

सूत्रों के अनुसार कर्नाटक में हुई चांदी चोरी की वारदात की जांच के दौरान पुलिस को धामपुर से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले थे। इसी क्रम में कर्नाटक पुलिस की टीम धामपुर पहुंची और संदिग्धों को हिरासत में लिया। हालांकि, इस पूरे मामले में पुलिस अधिकारी फिलहाल कोई भी आधिकारिक बयान देने से बचते नजर आ रहे हैं।




स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कुछ कथित सफेदपोश नेता चोरी के आरोपियों और पुलिस के बीच कथित रूप से "सेटिंग" कराने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और पुलिस ने इन चर्चाओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि धामपुर का सराफा बाजार पहले भी कई बार आपराधिक मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। गैर जनपद ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों की पुलिस की आवाजाही भी यहां अक्सर देखने को मिलती रही है। लगातार बाहरी पुलिस की आमद से व्यापारियों और आम नागरिकों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

फिलहाल कर्नाटक पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि चोरी की इस घटना में धामपुर से जुड़े तार कितनी गहराई तक जुड़े हैं और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका सामने आती है। फिलहाल इस मामले में धामपुर तथा कर्नाटक पुलिस कोई भी जानकारी देने से बच रही है।

## 27 को देशव्यापी बैंक हड़ताल

**बिजनौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के तहत बैंक कर्मचारियों की यूनियनों ने 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग करते हुए 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

यदि हड़ताल होती है, तो 25 और 26 जनवरी अवकाश होने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगातार तीन दिनों तक संचालन में व्यवधान हो सकता है। यूनियनों का तर्क है कि सोमवार से शुक्रवार दैनिक कार्य समय में 40 मिनट बढ़ाने के समझौते के चलते यह कदम उत्पादकता नहीं घटाएगा।

इंडियन बैंक्स' एसोसिएशन के साथ पहले हुई चर्चाओं के बावजूद यह मांग अब तक अनसुलझी है। वर्तमान में बैंक कर्मचारी प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार तथा रविवार को अवकाश पाते हैं।

# अफजलगढ़ पालिका का निरीक्षण

## कर्मचारियों की समस्याएं सुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह ने पालिका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी एससी सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

औचक निरीक्षण का उद्देश्य जिले के दलित समुदाय, विशेष रूप से नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मियों की समस्याओं की जानकारी हासिल करना था। आयोग के सदस्य महिपाल सिंह ने पालिका परिसर में सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया और उनकी व्यक्तिगत तथा कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने सफाई



कर्मियों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा यह भी पूछा कि कहीं किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उनका शोषण या उत्पीड़न तो नहीं किया जा रहा है। महिपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी सफाईकर्मी को कोई समस्या है, तो वह बिना भय के अधिकारी की उपस्थिति में अपनी बात रखे, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

आयोग के सदस्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

# शेरकोट के प्रखर का गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह में चयन

## राष्ट्रीय मंच पर करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में नगर शेरकोट के एक होनहार छात्र का चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। यह गौरवशाली अवसर नगर के लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि उक्त छात्र उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर स्थित एस.एम. गुडविल एकेडमी के प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा के पुत्र प्रखर शर्मा का चयन इस वर्ष गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह के लिए किया गया है। प्रखर शर्मा वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार से संगीत स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और एनसीसी कैडेट है। साथ ही संगीत के क्षेत्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा का लोहा पहले ही मनवा चुके हैं। बताया जा रहा है कि प्रखर शर्मा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में उत्तराखण्ड की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए मंच साझा करेंगे, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर और जनपद बिजनौर के लिए गर्व की बात है। विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि प्रखर शर्मा जनपद बिजनौर के एकमात्र छात्र हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समारोह में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है।




इस उपलब्धि की खबर जैसे ही नगर में पहुंची, परि. जनों, शुभचिंतकों, शिक्षकों एवं नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने प्रखर शर्मा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इसे नगर के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। शिक्षकों एवं सामाजिक लोगों का कहना है कि प्रखर शर्मा की यह सफलता यह साबित करती है कि यदि प्रतिभा के साथ परिश्रम और सही मार्गदर्शन मिले, तो छोटे नगरों से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

# गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली

## किसानों व तौल लिपिक में टकराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली को लेकर किसानों व तौल लिपिक के बीच टकराव हो गया। किसानों का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर घटतौली नहीं होने देंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के गन्ना क्रय केंद्र मंडावर पर घटतौली का शक होने पर एक किसान ने अपनी गन्ने से भरी ट्राली प्लेटफॉर्म पर खड़ी कर के भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत को स्थिति से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे पदाधिकारियों ने गन्ना विभाग और बाट तौल विभाग अधिकारियों को कांटे का निरीक्षण करने के लिए बुलाया। जिसे देखकर तौल इंचार्ज ने अपनी मशीन को जमीन पर पटक कर तोड़ डाला। कुछ ही देर में अन्य तौल इंचार्ज मंडावर सेंटर पर आ गए और जिस किसान की ट्रॉली कांटे पर खड़ी थी, उसको



उतारने का दबाव बनाने लगे। किसान ने अपनी ट्राली प्लेटफॉर्म से उतारने से मना कर दिया। जिसके बाद सभी तौल इंचार्ज उग्र होकर किसान से मारपीट करने पर उतारू हो गए। उपस्थित किसानों ने समझा बुझा कर इंचार्जों को शांत किया। जिसके बाद सभी इंचार्ज धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मंडावर क्रय केंद्र से फरार हो गए।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता और स्थानीय किसान धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि शुगर मिल के क्रय केंद्रों पर खुलेआम किसानों की फसल पर लूट मचायी जा रही है। अगर कोई किसान अपनी लूटती फसल को बचाने के लिए आवाज उठाता है, तो मिल के कर्मचारियों द्वारा मारपीट, अभद्रता और फर्जी मुकदमें करके डराने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने गन्ना अधिकारियों और शुगर मिल प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी हैं कि किसानों के खून पसीने से तैयार फसल पर डांका नहीं डालने दिया जाएगा। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन किसी भी संघर्ष के लिए सदैव तैयार हैं।

## एक नजर

### सैन समाज की गोष्ठी

**नजीबाबाद।** सैन समाज की गोष्ठी में युवाओं को शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी आदि में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में नजीबाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा कि आज युवाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, बड़े बुजुर्ग युवाओं को आगे बढ़ाने में मदद करें। समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा रोजगार व राजनीति यह बहुत ही आवश्यक है। हम सब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर समाज को प्रशासनिक व कानूनी स्तर पर मजबूत बनाने का काम करें। तभी हमारे समाज को न्याय मिल सकता है। इसी तरह रोजगार के लिए समाज को मजबूत बनाने में सहयोग करेगा, तो हमें शिक्षा के साथ कारोबार करने पर भी ध्यान देना होगा। जब हम कानूनी रूप से धनबल से मजबूत होंगे, तो राजनीति में भागीदारी करने में कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में सुनील कुमार सैन, प्रवेश कुमार सैन, डॉ. सत्येंद्र कुमार सैन, पोवेन्द्र सैन, सोमदेव सैन, रोहित कुमार सैन, डॉ. राकेश सैन ने प्रतिभाग किया।

### महिला जनसुनवाई कार्यक्रम



**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती अवनी सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा विकास भवन सभागार कक्ष बिजनौर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कार्यक्रम में 20 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सौरभ सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल सिंह चौबे, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, रविता राठी डीएमसी, आशु सिंह, अनीता, शुभम, महिमा आदि के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। सदस्य द्वारा जिला अस्पताल एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया गया एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### कृषि रक्षा यन्त्रों पर अनुदान

**बिजनौर।** रबी की मुख्य फसल गेंहू आलू एवं राई/सरसों में आने वाले रोग एवं कीट के नियंत्रण हेतु जनपद के विकास खण्ड स्थित राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर विभिन्न पारिस्थिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत- जैविक रसायन- ट्राइकोडर्मा एवं ब्यूवेरिया बेसियाना पर 75 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। उक्त जैविक रसायन पर्याप्त मात्रा में राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त फसलों पर कीट/रोग के नियंत्रण हेतु कृषि रक्षा रसायन यथा-फफूँदनाशक /कीटनाशक/ खरपतवारनाशी इत्यादि पर 50 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। कृषक राजकीय कृषि रक्षा इकाई से उक्त रसायन क्रय कर अनुदान का लाभ डीबीटी के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। कृषि रक्षा उपकरणों शक्ति चालित स्प्रेयर पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम तीन हजार रुपए तथा मानव चालित स्प्रेयर पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 1500 रुपए एवं अन्न भण्डारण बखारी पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 2000 रुपए अनुमन्य है।

# भाकियू की विद्युत उपकेंद्र पर बैठक

## समस्याओं से सम्बंधी मांग पत्र सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक त्योबपुर विद्युत उपकेंद्र पर हुई। बैठक में किसानों की बिजली संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उपखंड अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। अध्यक्षता मा. मुकिमुद्दीन ने की व संचालन डॉ. शहबाज ने किया।

बैठक में विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी विश्राम सिंह को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नए विद्युत पोल व नई लाइन डलवाई जाए। बढ़े हुए बिजली के बिलों को सही कराने, ग्राम बासोंवाला



व तारापुर में आबादी के बीच में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटवाने, किसानों को गेहूं की सिंचाई के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त विद्युत सप्लाई बढ़वाने, ग्राम अलाउद्दीनपुर व पास की आबादी में घरेलू कनेक्शन जल्द दिए जाने, घरेलू व कुओं की विद्युत लाइन अलग-अलग होने के चलते कई डेरों पर विद्युत आपूर्ति दस घंटे हो पा रही है, विद्युत सप्लाई बढ़ाई जाने आदि की मांग की है।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौहान, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सोनू विरक, बलजीत सिंह, जीशान ,रेशम सिंह, गुरविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, नौशाद अहमद, अयूब अहमद, अब्दुल वासे, मा. कामेंद्र, उमेश कुमार आदि किसान मौजूद रहें।

# सपा जिलाध्यक्ष ने ड्राफ्ट मतदाता सूची जांचने की अपील की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समा. जवादी पार्टी के सम्मानित नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से अपील की है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की ड्राफ्ट मतदाता सूची को सभी लोग ध्यानपूर्वक अवश्य देख लें।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित करे कि उसका तथा उसके परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में सही ढंग से शामिल है या नहीं। यदि किसी कारणवश किसी का नाम मतदाता सूची में छूट गया हो, नाम या पते में कोई त्रुटि हो, अथवा कोई युवक या युवती 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो, तो वह बिना विलंब किए फॉर्म-6 के साथ आवश्यक घोषणा पत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के पास जमा कर दें। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में समाजवादी



पार्टी के सभी सम्मानित नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए (BLA) के माध्यम से पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ कार्य किया है। इस सराहनीय कार्य के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। सही, शुद्ध और पूर्ण मतदाता सूची से ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संभव हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर आम जनता को जागरूक करें और जरूरतमंद मतदाताओं की हरसंभव सहायता करें।

# चकमार्ग पर कब्जे के विरोध में धक्का मुक्की, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** चकमार्ग पर अवैध कब्जे के विरोध में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष ने गाली गलौच, धक्का मुक्की व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है।

थाना नगीना पर ध्यान सिंह पुत्र भगवाना सिंह निवासी ग्राम हीरापुर माली थाना कोतवाली देहात ने तहरीर दी कि एक काश्त ग्राम सूफीपुर अंगद परगना व तहसील नगीना के खसरा नंबर 6 रकबा 0.3110 है. की सहखातेदार है, जिस पर खसरा नंबर 12 रकबा 0.080 है. चकमार्ग है जिसको पड़ोसी अजयपाल व टीकम पुत्रगण बलवंत, प्रशान्त पुत्र टीकम, सुशांत पुत्र दिलेराम समस्त निवास. ीगण ग्राम सूफीपुर अंगद थाना नगीना में उक्त चकमार्ग को पूर्व में भी कोई जोत कर अवैध अतिक्रमण किया है तथा 6 दिसंबर 2025 को राजस्व टीम व पुलिस टीम दोनों की मौजूदगी में उक्त चकमार्ग की पैमांईश कर सीमांकन किया गया था और सिहददे भी गाड़े थे।

आरोपियों ने गत 20 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे फिर से उक्त चकमार्ग को जोतकर अपने खेत में मिलाकर अवैध कब्जा कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित व पुत्रवधू गुड्डी देवी व पौते अनुज पुत्र गजराज ने उनकों ऐसा करने के लिए मना किया तो आरोपियों के द्वारा पीड़ित पक्ष के साथ गाली-गलौच कर धक्का मुक्की की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। ध्यान सिंह द्वारा लेखपाल व कानूनगो की रिपोर्ट संलग्न की गई।

# पैसे मांगने पर कैंटीन स्वामी से मारपीट के तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शराब की दुकान के पास बनी कैंटीन संचालक के ग्राहकों से खरीदे गए समान के पैसों को लेकर हुए विवाद के दौरान तीन युवकों ने कैंटीन में तोड़फोड़ करते हुए कैंटीन मलिक के साथ गाली गलौच व मारपीट कर दी। कैंटीन के कर्मचारियों ने किसी तरह बीच बचाव कराया। पुलिस द्वारा कैंटीन मालिक की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

विनोद कुमार पुत्र सुशील निवासी ग्राम बिन्जाहेडी द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि गांव में उसकी देसी ठेके पर कैन्टीन है, जिस पर ग्राहक बैठते है और खाना-पीना खाते है। सोमवार की शाम 4 बजे वह अपनी कैन्टीन पर बैठा हुआ था और ग्राहक को खाने पीने का समान परोस रहा था, तभी तीन लड़के गोलू उर्फ सतेन्द्र कुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम तेलीपुरा थाना नगीना, विवेक पुत्र जतराम सिंह और अंकुल पुत्र घनश्याम सिंह उर्फ बब्लू निवास. ीगण समसपुर सददो थाना-नगीना देहात उसकी कैन्टीन पर आये और शराब पी और खाने का सामान लिया। जब विनोद ने तीनों से अपने सामान के पैसे मांगे तो इन तीनों ने उससे कहा कि हमारी यहाँ दादागिरी चलती है। हमसे यहाँ कोई भी सामान के पैसे नही लेता है, तेरी कोई हिम्मत नही मुझसे पैसे ले ले और तीनों ने मिलकर उससे गाली गलोज करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसकी कैन्टीन का सारा सामान उठाकर जमीन पर फेक दिय,ा जिससे उसका काफी नुकसान हुआ और इन्होंने उसे जान से मराने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर ठेके पर काम कर रहे कोमेन्द्र, सत्यवीर व राहुल भी मौके पर आ गये जिन्होने आरोपियों से बचाव किया।

शिकायतकर्ता कैंटीन मालिक विनोद की शिकायत के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट गोपालपुर की टीम ने मिर्जापुर को हराया

## गोपालपुर के अभय ने दो विकट लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे राउंड के मुकाबले में गोपालपुर ने मिर्जापुर की टीम को 46 रन से हराकर मैच जीता।

आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बृहस्पतिवार को गोपालपुर और मिर्जापुर की टीम के बीच मैच खेला गया, गोपालपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 111 रन बनाएं, जिसमें अभय ने सर्वाधिक 40 रनों का योगदान दिया, मिर्जापुर की ओर से गेंदबाज आयान ने 2 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए मिर्जापुर की टीम 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें दीपांशु ने सर्वाधिक 22 रन बनाए, गोपालपुर की ओर से अभय ने दो विकेट लिए, गोपालपुर के अभय को मैन ऑफ द मैच चुना



गया, अंपायर देवराज व विरल रहे, मैच में सचिन, तसलीम, रुपेश, प्रशांत, आदि का सहयोग रहा।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि., बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद सं.-112/2023
मूल वाद सं.-188/2004

**मनोज कुमार बनाम दीपक कुमार**

मनोज कुमार आयु 55 वर्ष पुत्र स्व. श्री प्रीतम लाल निवासी मौ. सिविल लाइन, रामबाग कॉलोनी, बिजनौर, परगना व तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

1. दीपक कुमार, 2. प्रदीप कुमार, 3. कुलदीप कुमार पुत्रगण चन्द्र विजयभान सिंह, 4. रूपा रानी पत्नी दीपक कुमार, 5. सुधा पत्नी प्रदीप कुमार, 6. श्रीमती पायल पत्नी कुलदीप कुमार, निवासीगण मौ. चौधरियान, कस्बा, परगना व तहसील व जिला बिजनौर। 7. रणवीर पुत्र बलवीर सिंह, निवासी अलीपुर जिझोरी, परगना व तहसील व जिला बिजनौर। 8. ब्रजबाला पत्नी रणवीर सिंह निवासी अलीपुर जिझोरी, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित ने यहां आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17.01. 2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

**नियत दिनांक:**-17.01.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Shahjahan Bano था, अब मैंने अपना नाम बदलकर Shahjahan Begum रख लिया है। लिहाजा मुझे इसी नाम से पुकारा व पहचाना जाए।

Shahjahan begam w/o Mohammad lsrar mansoori , Vill- Purana Kalagarh Islamnagar Bhikkawala, PS Afzalgarh, TEH Dhampur.

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती शबाना परवीन पत्नी श्री सुहैल खान पुत्री सगीर अहमद मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री संजय अग्रवाल पुत्र स्व. श्री शिवशरणलाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 589/3 जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री फैसल खान पुत्र श्री रईस अहमद खान मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री संजय अग्रवाल पुत्र स्व. श्री शिवशरणलाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 589/2 जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# भोजपुर में अवैध मिट्टी खनन

## राजस्व विभाग को भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर में अवैध मिट्टी भरान का खेल पूरी बेखौफी के साथ जारी है। एक ओर जहां जिले के अन्य हिस्सों में मिट्टी से लदे ओवरलोड डंपरों ने कई हंसते-खेलते घरों को उजाड़ दिया। वहीं भोजपुर में वही खतरनाक सिलसिला प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से चल रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक दिन-रात डंपरों व ट्रैक्टर ट्राली की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं। खेतों की मेढ़ें बर्बाद हो रही हैं और हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि खनन माफिया 'परमिशन' का हवाला देकर कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार परमिशन केवल खेत समतलीकरण की होती है, न कि एक खेत से मिट्टी निकालकर दूसरे के प्लॉट या व्यवसायिक जमीन में भरान करने की। सूत्र बताते हैं कि खेत समतलीकरण की आड़ में बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध उठान कर उसे महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। इससे न सिर्फ सरकारी राजस्व को भारी चपत लग रही है, बल्कि राजस्व विभाग की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी या तो सब कुछ जानते हुए भी आंख मूंदे बैठे हैं या फिर जानबूझकर आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि यदि यही हाल रहा तो भविष्य में बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

जिले में पहले ही मिट्टी से भरे डंपरों की वजह से जान-माल का नुकसान हो चुका है, बावजूद इसके भोजपुर में कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल जांच कर अवैध मिट्टी भरान पर रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और नियमों का उल्लंघन कर जारी सभी परमिशनों की दोबारा समीक्षा की जाए।

# लिस्टों में अपना व परिवार के लोगों के नाम देखने को लेकर रही उत्सुकता

## नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से 55467 वोट कटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एसआईआर के बाद नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से 55467 वोट काटे गए हैं। एमजीएम इंटर कॉलेज के एक बूथ से सर्वाधिक 430 वोट काटे गए। स्थानीय प्रशासन द्वारा एसआईआर सर्वे के बाद जारी रिपोर्ट के अनुसार नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-268 से सर्वाधिक 430 मत काटे गए। राजकीय इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-239 से 404, उच्च प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर लुकादड़ी के बूथ संख्या-180 से 399, एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-269 से 397 वोट कटे है। एमडीएस इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-224 से 392, उच्च प्राथमिक विद्यालय वाहिदनगर के बूथ संख्या-243 से 391, राजकीय इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-242 से 386, एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद के बूथ संख्या-220 से 385, आरएन केला इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-251 से 385, हरनाम सिंह बाल विहार जूनियर हाईस्कूल के बूथ संख्या 246 से 377 वोट एसआईआर के कटे है।

इनके अतिरिक्त एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-264 से 375, प्राइमरी स्कूल भागूवाला के बूथ संख्या-09 से 365, एमडीकेवी के बूथ संख्या-215 से 359, एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-265 से 356, उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर के बूथ संख्या-291 से 355 व उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर के बूथ संख्या-289 से 351 वोट एसआईआर के दौरान काटे गए। काटे गए वोटों में मृतक, विस्थापित, डुप्लीकेट आदि वोट शामिल हैं। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सूची में नाम दर्ज नहीं होने वाले मतदाताओं को फॉर्म आठ तथा नए मतदाताओं को फार्म छह बीएलओ के माध्यम से भरने की सलाह दी है। एसआईआर की पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद मतदाताओं में अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर लिस्टों में तथा सोशल मीडिया पर जारी लिस्टों में अपना व अपने परिवार के लोगों के नाम देखने को लेकर काफी उत्सुकता रही।

## एक नजर

### किसानों का धरना दिन-रात जारी



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन मंगलवार को दसवें दिन भी जारी रहा। वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों का धरना कड़कड़ाती ठंड के बावजूद दिन-रात जारी है। किसानों ने मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने की बात कही है। धरने पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, अमित, प्रमोद, पप्पू, युसूफ, शगुन, सत्यपाल, विकार, जितेन्द्र, विजय, नीतू, पवन, मोनू, आशीष, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सक ने गरीबों को कंबल बांटे

**नजीबाबाद।** नगर के डॉ. शादाब हुसैन (फिजियोथैरेपिस्ट) ने भीषण सर्दी में गरीबों को कम्बल देकर मानवता का सच्चा फर्ज निभाया है। उक्त चिकित्सक पंजाब में रहकर लोगों का इलाज करते हैं, उनमें शुरू से ही गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करने का जज्बा फूट-फूटकर भरा हुआ है। कई दिन पहले वह अपने किसी काम से अपने शहर नजीबाद पहुंचे थे, जहां हर्षवाड़ा में मदरसे में उनके एक मरीज का फोन आया कि ठंड ज्यादा है, यहां ठंड से लोग कांप रहे हैं। यह सुनकर तुरंत मदरसे में लगने वाले आंखों के कैंप में पहुंचे, जहां पर उन्होंने देखा कि गरीब लोग भीषण ठंड में बाहर खड़े होकर लाइन में लग कर अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं, यह देखकर उनसे रहा न गया, तभी उन्होंने बाजार जाकर 50-60 कम्बल खरीदे तथा उक्त गरीब मरीजों को सर्दी से बचाने के लिए उन्हें वितरित किए। चिकित्सक ने बताया कि मानवता की सेवा करने में एक अलग ही मजा आता है, बेसहारा लोगों को कंबल बांटकर उनके दिल को एक अलग सुकून मिला है। कम्बल पाकर सभी मरीज काफी खुश हुए तथा उन्होंने डॉक्टर व उनकी टीम को दुआओं से नवाजा। उन्होंने शहर के अन्य लोगों से भी भीषण सर्दी में गरीबों को गर्म कपड़े बांटने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ डॉक्टर खालिद, डॉक्टर ईसा, डॉ. जुबैर आसिफ, उमर आदि मौजदू रहे।

### कड़ाके की ठंड में चाय का वितरण




**धामपुर।** वित्तविहीन स्कूल प्रबंधन समिति बिजनौर द्वारा एक चाय स्टाल समिति के कार्यालय विश्व भारती पब्लिक स्कूल क्षत्रिय नगर में अत्यधिक ठंड से लोगों को राहत प्रदान करने हेतु लगाया गया। स्टॉल का शुभारंभ समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, मंडल उपाध्यक्ष अजय कुमार, संरक्षक अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष कुमार पाल ने फीता काटकर किया। स्टाल में आने जाने वाले सभी नागरिकों को चाय का वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यही मानकर हमारी समिति ने भीषण सर्दी में आने जाने वाले राजगीरों को राहत देने के लिए चाय वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। स्टॉल में अपनी पूर्ण सेवा देने वाले प्रबंधकों में नरेंद्र सिंह नरूका, योगेंद्र, कपिल त्यागी, लव यादव, अवनेंद्र सिंह, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, ब्रह्मपाल, सतीश, मनोज, अशोक महराज, अतुल, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। स्टॉल में समिति के कोषाध्यक्ष पवन कुमार तथा सचिव अनुपम अग्रवाल मुख्य व्यवस्था में रहे।

### अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर पकड़ा



**धामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मिलक जहागीराबाद में अवैध रूप से खनन किए जाने की सूचना पर हल्का लेखपाल आशीष त्यागी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान उन्होंने अवैध खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया। इसके बाद ट्रैक्टर को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान लेखपाल हार्दिक कुमार तथा उप निरीक्षक अश्विनी त्रिपाठी भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन की सूचना मिले तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### ग्रामीण से 47 हजार की ठगी

**अफजलगढ़।** पुलिस द्वारा गांव-गांव जाकर साइबर ठगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के बावजूद क्षेत्रवासी साइबर ठगों का शिकार हो रहे है। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी निवासी चेतराम सिंह पुत्र श्याम सिंह के साथ पेश आया। चेतराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 06 जनवरी को उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसका मोबाइल नं. 7027857385 है। वह कहने लगा की मैं तुम्हारा चाचा बोल रहा हूं और मैं अस्पताल में हूं। मुझे कुछ पैसों की जरुरत है, जिसमे उपरोक्त ने उसे अपना बारकोड भेज दिया और चेतराम सिंह ने उक्त ठग के भेजे गए बारकोड पर बिना पुष्टि किए 47,000 रुपए डाल दिए। रकम डालने के बाद जैसे ही पीड़ित ने उक्त नंबर पर फोन किया तो वह नंबर बंद आया। जब उसने इसकी जानकारी की तो पता चला की अज्ञात व्यक्ति के हाथों ठगा गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसी तरह की एक घटना गत सप्ताह नगर के एक युवक द्वारा उसके मेरठ निवासी दोस्त के अस्पताल में एडमिट होने की बात कह कर लगभग तीस हजार रुपए ठगे जाने का मामला भी नगर में चर्चा का विषय रहा। अफसोस की बात है कि स्थानीय पुलिस गांव-गांव जाकर साइबर ठगों द्वारा विभिन्न प्रकार से ठगने के तरीकों के बारे में जानकारी दे रही है तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगातार साइबर ठगी के विभिन्न प्रकार से ठगने के तरीकों से उससे अवगत कराया जा रहा है। उसके बावजूद भी लोग साइबर ठगों के झांसे में फंस रहे हैं।

### सड़क पर पानी भरने से ग्रामीण परेशान

**नजीबाबाद।** मंडावली से गांवड़ी को जोड़ने वाली सड़क पर कई वर्षों पुरानी पुलिया से पानी की निकासी सुचारु रुप से नहीं होने पर सड़क के ऊपर पानी आने राहगीरों को आने जाने में परेशानी हो रही है। पुलिया का निर्माण कई वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था। पुलिया के नीचे कचरा अट जाने के पानी सही तरह से निकल नहीं पाता है। मंडावली ग्राम पंचायत में लगे सफाईकर्मी भी प्रतिदिन नाले की सफाई करते है, सफाई करने के कुछ देर बाद पानी धीरे-धीरे निकलने लगता है, लेकिन शाम को या अगले दिन स्थिति पहले की तरह बन जाती है। पुलिया के नीचे नाले में कचरा जमा हुआ है, अंदर पानी के जमा होने से दुर्गंध भी आती है। नाला अट जाने के कारण नाले का पानी सड़क के ऊपर आ जाता है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया है।

## एक नजर

### विकासखंड सभागार में प्रशिक्षण



**हल्दौर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर द्वितीय बेंच का एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाना था। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक ममता द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की।

### पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा

**नजीबाबाद।** अपना दल एस की बैठक जिला कैम्प कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, विस्तार की रणनीति बनाने तथा आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य व भ्रष्टाचार विरोध को चुनावी एजेंडा बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत व एकजुटता के साथ आगामी चुनाव में पार्टी को विजय दिलाए। बैठक में वकील अहमद, हिमांशु, दीपक, यशपाल, आरिफ, मोबीन, लाभ सिंह, मोहित, उपासना, राजपूत, कर्मजीत कौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग



**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर से ऊर्जावान विधायक डा. नीरज बोरा को उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार में जल्द ही कैबिनेट में विस्तार होने वाला है। माननीय विधायक डा. नीरज बोरा किसानों, व्यापारियों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठाते रहे हैं। विधायक डॉ. नीरज बोरा की राजनीतिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत है और क्षेत्र ही नहीं, संपूर्ण उत्तर प्रदेश में उनका जनाधार व्यापक है। वह अपने सभी दायित्वों को पुरी ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण से निभाते हैं। माननीय विधायक डॉ. नीरज बोरा के अनुभव और कार्य क्षमता को देखते हुए उन्हें मंत्रिमंडल में सुनिश्चित ही महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए।

# लीकेज या ब्रेकेज तत्काल ठीक कराएं : डीएम

## नगरीय क्षेत्रों में सीवर-पेयजल लाइनों की नियमित जांच सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीवर और पेयजल पाइपलाइनों की नियमित जांच तथा लीकेज या ब्रेकेज को तत्काल ठीक कराने पर जोर दिया।




जिलाधिकारी ने जलापूर्ति से संबंधित पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि आम जनता को गुणवत्तापूर्ण पेयजल मिल सके। ये निर्देश उन्होंने आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने से संबंधित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

उन्होंने कहा कि नलकूप, हैंडपंप, पाइपलाइन, टंकी और अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह सुनिश्चित किया जाए कि पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं के उपयोग बिंदु पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित ओटी परीक्षण, बायरोलॉजिकल,बैक्टीरियोलॉजिकल और केमिकल विश्लेषण भी कराया जाए।

जिलाधिकारी ने पुरानी पाइपला. इनों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने और गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने निकाय क्षेत्र में सीवर या पेयजल पाइपलाइन में किसी भी ब्रेकेज या लीकेज को तत्काल ठीक कराने, ओवरहेड टैंकों की समुचित साफ-सफाई कराने और उन पर सफाई की तारीख अंकित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्रवाई की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपनी होगी। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी और सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय उपस्थित रहे।

# दुर्गागढ़ की टीम ने जीता क्रिकेट मैच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** क्रिकेट टूर्नामेंट में दुर्गागढ़ (उत्तराखंड) की टीम ने कामराजपुर को दो विकेट से हराकर मैच जीता।

आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में कामराजपुर और दुर्गा गढ़ की टीम के बीच मैच खेला गया। कामराजपुर की टीम ने टॉस जीतकर निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाएं, जिसमें अंकित राणा ने सर्वाधिक 30 रनों का योगदान दिया। दुर्गागढ़ की ओर से विशाल ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दुर्गागढ़ की टीम ने 8 विकेट खोकर मैच जीत लिया, जिसमें विशाल ने सर्वाधिक 65 रन बनाएं। दुर्गागढ़ के विशाल कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कामराजपुर की ओर से गेंदबाज भोगेंद्र ने चार विकेट लिए। अंपायर रूपेश राजपूत व विरल रहे। मैच में टिंकू, प्रशांत, सचिन, तसलीम, ऋतिक मिश्रा का सहयोग रहा।

# नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

## किशोर पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से जुड़ा आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक किशोर ने लड़की का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। घटना की जानकारी होने पर आक्रोशित परिजनों ने किशोर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया गया है कि थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग लड़की और आरोपी किशोर पूर्व में एक-दूसरे को जानते थे। पुलिस के अनुसार दोनों कक्षा आठ में साथ पढ़ चुके हैं। आरोप है कि किशोर ने किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। जब यह बात किशोरी के परिजनों को पता चली तो उन्होंने तत्काल किशोर को पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को अपने कब्जे में ले लिया। किशोरी के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी भी नाबालिग है, जिस कारण मामले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# व्हाट्सएप पर विवाद में युवक को गोली मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में बीती रात एक युवक ने व्हाट्सऐप पर गाली-गलौच को लेकर हुए विवाद के बाद नांगल के एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम दहीरपुर निवासी उस्मान पुत्र अय्यूब की मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला मुजाहिदा पट्टी निवासी अल्लू पुत्र भूरे से व्हाट्सऐप पर किसी बात को लेकर हुई बहस के बाद गाली-गलौच हो गई थी। बताया जाता है कि इसके बाद जब उस्मान ने अल्लू से फोन पर बात की, तो उसने उसे अपने ग्राम बुलाया। उस्मान अपने दोस्त फहीम को लेकर बीती रात भागूवाला मुजाहिदा पट्टी पहुंच गया। आरोप है कि वहां अल्लू ने उस्मान पर तमंचे से गोली चला दी, गोली उसकी जांघ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी थी। मामले की जांच की जा रही है।

## अदनान एड. प्रदेश सचिव नियुक्त

**नजीबाबाद।** भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के निर्देश पर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी बिलाल अहमद आढ़ती ने नगर के मौहल्ला कलालान निवासी अदनान अहमद एड. को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी बिलाल अहमद ने अदनान एड. से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूत बनाने व किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का काम करेंगे।

# धामपुर विधानसभा में 49 हजार मतदाता सूची से बाहर

## 3 लाख 7 हजार से घटकर 2 लाख 57 हजार रह गई मतदाताओं की संख्या

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** धामपुर विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में बड़ा बदलाव सामने आया है। जहां पहले लगभग 3 लाख 7 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर विधायक का चुनाव करते थे, वहीं एसआईआर प्रक्रिया के बाद करीब 49 हजार मतदाताओं के नाम कटने से अब यह संख्या घटकर लगभग 2 लाख 57 हजार रह गई है। हालांकि प्रशासन द्वारा 6 जनवरी से 6 फरवरी तक नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे आने वाले दिनों में मतदाता संख्या में कुछ वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**सभी दलों ने रखे अपने-अपने तर्क**

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान धामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। जानकारी के अनुसार रानी फूल कुमारी कन्या इंटर कॉलेज, शेरकोट बूथ संख्या 113 से 438, बूथ संख्या 114 से 295 वोट कटे, प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर, धामपुर बूथ संख्या 106 से 392 वोट कम हुए, के.एम. इंटर कॉलेज बूथ संख्या 68 से 260, बूथ संख्या 69 से 250, बूथ संख्या 71 से 256 वोट हटाए गए। प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर, धामपुर बूथ संख्या 54 से 246 वोट कटे। पंचायत घर अल्हेपुर बूथ संख्या 183 से 395 वोट कम हुए। प्राथमिक विद्यालय स्योहारा बूथ संख्या 278 से 288 वोट घटे। एम. क्यू इंटर कॉलेज स्योहारा बूथ संख्या 284 से 258 वोट हटाए गए। इस प्रकार पूरे धामपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मिलाकर लगभग 49 हजार वोट मतदाता सूची से हटाए गए हैं।



इस मुद्दे को लेकर शाह टाइम्स द्वारा भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधियों से बात. चीत की गई।

पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि ये प्रक्रिया जारी है और इसमें कई कारणों से वोट कटे हैं। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं के नाम, बाहर स्थानांतरित हो चुके लोगों के वोट, नोएडा, दिल्ली, पुणे या अन्य शहरों में नौकरी करने वाले मतदाताओं के नाम तथा डबल वोट जैसी अनियमितताओं को हटाया गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में वोट कटना स्वाभाविक है।

समाजवादी पार्टी के युवा नेता ठाकुर अमित प्रताप सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में करीब 49 हजार वोट कटे हैं, लेकिन अभी प्रक्रिया अंतिम नहीं है। उन्होंने बताया कि नए वोट बनने और आपत्तियों के निस्तारण के बाद संशोधन किया जाएगा। ऐसे में अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ भी सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से चुनाव परिणाम पर अधिक असर पड़ने की संभावना नहीं है और पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव एवं धामपुर पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने कहा कि पिछले करीब 20-21 वर्षों से एसआईआर जैसी प्रक्रिया नहीं हुई थी। इस दौरान कई लोगों के डबल वोट बने हुए थे और कई मतदाता स्थानांतरित होने के बावजूद सूची में शामिल थे। उन्होंने कहा कि फर्जी या डबल वोट हटने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में यह 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जो लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है।

आजाद समाज पार्टी के सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि उनकी पार्टी द्वारा मतदाता सूची की समीक्षा की जा रही है और प्रशासन से आवश्यक दस्तावेज भी मांगे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के दो स्थानों पर वोट थे या जो सक्रिय रूप से स्थानांतरित हो चुके थे, उनके वोट हटने से वास्तविक मतदाता ही सूची में रहेंगे, जिससे मतदान प्रतिशत में सुधार होगा।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके बाद ही अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी, जिससे स्पष्ट हो सकेगा कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने मतदाता रहेंगे।

# स्थानीय स्तर पर किया जाए शिकायतों का निस्तारण: मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर आए जिले के प्रभारी व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में केन्द्र और राज्य सरकार की सभी विकास योजनाओं,लोक कल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था आदि को लेकर जनपदीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

○ बिजली बिल अधिक आने और कम करने पर कार्रवाई के निर्देश

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने समीक्षा बैठक के प्रभारी मंत्री को जानकारी दी। जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, छात्रवृत्ति योजना,पर ड्रॉप मोर क्रॉप के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं विद्युत विभाग की समीक्षा की गई। अधीक्षण अभियंता विद्युत हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि सम्भल एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोको अभियान चलाया गया जिसमें चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर एफआईआर की कार्रवाई की गई। उन्होंने आर्मर्ड केविल एवं नये बिजली घरों के बारे में भी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि उपभोक्ताओं का बिल अधिक आने एवं उस बिल को कम करने की कोई भी शिकायत संज्ञान में आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर एवं एसडीओ को बुलाकर संबंधित मामले पर वार्ता की जाए तथा उनको निर्देशित करते हुए कहा जाए कि अगर कोई शिकायत इस प्रकार की आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनओं को बताया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा जनपद में कराए जा रहे हैं कार्यों के बारे में में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया।इस अवसर पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



सम्भल- कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

# एक मार्च से रेलवन पर मिलेंगे आरक्षित अनारक्षित टिकट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** रेल मंत्रालय ने यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा की घोषणा की है। इसकी नगर के लोगों ने सराहना की है।
1 मार्च से अनारक्षित और आरक्षित टिकटें केवल रेलवन ऐप या वेबसाइट के माध्यम से ही उपलब्ध होंगी। इससे टिकट बुकिंग की प्रक्रिया सरल और डिजिटल होगी। अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से काउंटर पर लंबी कतारों की समस्या कम होगी और यात्रियों को घर बैठे ही टिकट लेने की सुविधा मिल सकेगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि टिकट बुकिंग के लिए मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल करें और यात्रा से पहले ऑनलाइन भुगतान कर लें। बबराला रेलवे स्टेशन मास्टर का कहना है कि यह डिजिटल पहल देशभर में रेलवे सेवा को अधिाक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सराहना करने वालों में रोहिताश गुप्ता, रोनू गुप्ता, विनय राघव, नीरज वार्ष्णेय, आनन्द प्रकाश, किशनपाल, हर्षित वार्ष्णेय आदि हैं।

○इस कदम से काउंटर पर लंबी कतारों की समस्या कम होगी, लोगो ने ही सराहना

# लक्ष्य पूरा करने को वसूली में तेजी लायेगा नगर पालिका प्रशासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद की कर वसूली में तेजी, ने काफी बड़ा राजस्व की उपलब्धि हासिल हो सकी है। दिसंबर तक 2.80 करोड़ जमा होने के साथ मार्च तक अभियान को ओर भरी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।



नगर पालिका परिषद सम्भल की अब तक की वसूली में गृहकर से लगभग 1 करोड़ 39 लाख रुपये और जलकर से करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये शामिल हैं। अकेले दिसंबर माह में ही करीब 22 लाख रुपये की अधिक वसूली के आंकड़े सामने आए हैं। दिसंबर माह तक नगर पालिका परिषद ने कुल 2 करोड़ 80 लाख रुपये की वसूली की। जबकि इस वित्तीय वर्ष के लिए कुल लक्ष्य 6 करोड़ 54 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। अर्थात लक्ष्य के मुकाबले अब भी बड़ी राशि की वसूली शेष है। इसके बावजूद नगर पालिका क्षेत्र में अब भी करीब 3 करोड़ 74 लाख रुपये गृहकर और जलकर के रूप में बकाया हैं। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कुल 35, 996 भवन दर्ज हैं, जिनमें 3, 450 अनावासीय और 32, 546 आवासीय भवन शामिल हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 1,996 खाली प्लॉट भी हैं, जिनसे कर वसूली की संभावनाएं बनी हुई हैं। वहीं सरकारी कार्यालयों पर कुल 83 लाख रुपये की मॉंग थी, जिसके सापेक्ष अब तक 43 लाख रुपये जमा कराए जा चुके हैं। इस मामले में अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि मार्च माह तक कर वसूली को गति देने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो करदाता समय से गृहकर और जलकर जमा नहीं करेंगे, उन्हें पहले नोटिस दिया जाएगा और उसके बाद आरसी रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष नगर पालिका परिषद का लक्ष्य है कि पिछले वर्षों की तुलना में दोगुनी वसूली सुनिश्चित की जाए, ताकि नगर के विकास कार्यों को और गति दी जा सके।

○ दिसम्बर माह में करीब 22 लाख रुपये की अधिक वसूली, समय से कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं को दिए जाएंगे नोटिस

# उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले की युवाओं ने की सराहना

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले की युवाओं ने सराहना की। इस निर्णय से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी राहत मिली है। यूपी पुलिस और जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन साल की विशेष छूट दी गई है। यह फैसला कांस्टेबल और उससे जुड़े समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 के लिए लागू होगा। स्थानीय युवाओं ने इसका स्वागत किया है, उन्हें इसका पूरा लाभ मिलेगा। ज्ञात रहे जल्द ही आरक्षी नागरिक पुलिस, पीएसी, सशस्त्र पुलिस, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस और जेल वार्डन जैसे अहम पदों पर भर्ती होनी है। नई व्यवस्था के अनुसार सामान्य वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा को 22 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष कर दिया गया है। अन्य वर्गों को भी आयु लाभ दिया है। इससे उन पुरुष व महिला अभ्यर्थियों को भी राहत मिली है। जो कुछ सालों से भर्ती का इंतजार कर रही थे।हर्ष व्यक्त करने वालों में मोनू, सौरभ वार्ष्णेय, अरविंद, सुनील कुमार, विवेक, पुनीत कुमार आदि हैं।

# आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में वीबीजीरामजी एक महत्वपूर्ण कदम

○प्रदेश सरकार के मंत्री ने किया मुख्यधारा से जोड़ने की दृष्टि से तैयार करने का दावा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मनरेगा का नाम बदलकर वीबीजीरामजी करने को लेकर कांग्रेस के संसद से सड़क तक विरोध के जवाब में भाजपा के मंत्री भी जनता के बीच उतर गए हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री व जिले के नोडल मंत्री ने पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता की और वीबीजीरामजी कानून को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दृष्टि से तैयार करने का दावा किया।

प्रदेश सरकार में होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कलैक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता की उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर वीबीजीरामजी कानून को ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होने कहा कि पिछली योजना मनरेगा को बंद नहीं किया गया है बल्कि वीबीजीरामजी एक्ट लागू होने तक मनरेगा पूर्ण रूप से लागू रहेगी। और रोजगार की गारंटी जारी रहेगी। उन्होने कहा कि पुरानी योजना की तुलना में वीबीजीरामजी यह पहल रोजगार ह, अवसंरचना, कौशल, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से गांवो को किवास की मुख्यधारा से जोड़ने की दृष्टि से तैयार की गई है। जबकि मनरेगा के तुलना में वीबीजीरामजी के अर्न्तगत रोजगार गारंटी 100 उिवसों से बढ़ाकर 125 दिवसों की कर दी गयी है। जबकि निर्धारित समय पर काम उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता का अनिवार्य भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा योजना का निर्माण किया जायेगा। साथ ही गांवो के विकास की बेहतर प्लानिंग के लिए पीएम गतिशक्ति एवं अन्य आईटी टूल्स जैसे जीआईएस का उपयोग किया जाएगा। गांव के समेकित विकास हेतु अन्य विभागों के एवं विभागीय योजनाओं से अभिसरण किया जायेगा। अनुमन्य कार्यों को चार प्रमुखि श्रेणियों में बांटा गया है। यह श्रेणियों हैं जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य तथा आजीविका संवधन के कार्य एवं जलवायु परिवर्तन प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य वीबीजीरामजी के अर्न्तगत इन कार्यों पर विशेष ध्शन दिया गया है। उन्होने कहा कि विकास पैरामीटर के हिसाब से ग्राम पंचायतों का निर्धारण ए बी सी कैटेगरी में किया जायेगा। जिससे सभी गॉंवो को समान विकास के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा कृषि (बुआई और कटाई) के समय में कृषि कार्यों हेतु श्रमिकों की कमी न होने से इसके लिए एक वर्ष में 60 दिवसों तक इस योजना के तहत कार्य नहीं करवाए जाऐंगे।वित्त प्रबंधन को 60 प्रतिशत भारत सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार देगी। प्राकृतिक आपदाओं या असाधारण परिस्थितियों के दौरान ससमय प्रतिक्रिया और राहत प्रदान करने के लिए विशेष छूट दी जाऐगी। केन्द्र सरकार वस्तुनिष्ठ मापदंडों के आधार पर राज्यवार मानक आवंटन निर्णरित करेगी। अलग व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।काफी देर तक पत्रकारों को जानकारी देकर प्रदेश सरकार के हामगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री ने वीबीजीरामजी को हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन, अवसरों की समानता और आधुनिक सुविधाएं इस योजना के प्रावधानों से गांवो को डिजिटल अवसंरचना से जोड़े जाना कहा।



सम्भल- ग्रामकुल की बैठक में बोलते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

# शाही जामा मस्जिद मामले में सुनवाई टली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में वादीगण समेत अन्य को प्रवेश की अनुमति दिए जाने मामले में दायर दीवानी मुकदमें में सुनवायी टल गई। सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक के चलते सिविल जज की अदालत में कोई सुनवायी नहीं हो सकी। अदालत ने अगली तारीख नियत कर दी है।

○सर्वोच्च न्यायालय में स्थानादेश के चलते अगली तिथि 24 फरवरी नियत

शाही जामा मस्जिद मामले में विगत वर्ष 19 नवम्बर को दायर दीवानी वाद में सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में आज की तिथि सुनवायी के लिए नियत थी। लेकिन मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगा रखी है। गुरूवार को सिविल जज सी डि सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में मुकदमे के वादी और प्रतिवादी अदालत में मौजूद रहे, लेकिन स्टे के कारण अदालत ने किसी भी तरह की सुनवाई नहीं की बल्कि अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 24 फरवरी नियत कर दी। बता दें मामला लंबे समय से कानूनी पेच में उलझा हुआ है मस्जिद के प्रवेश की अनुमति को दायर यह मुकदमा देशभर में चर्चा बना हुआ है। अदालत की हर तारीख पर जनमानस और प्रशासन की नजरें टिकी रहती हैं। जबकि विगत वर्ष 24 नवंबर 2024 को वकील कमिशनर के दूसरी बार सुबह सवेरे मुआयने के दौरान हिंसा हो गयी थी। जिससे यह मामला और भी संवेदनशील हो गया है। उसी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का स्थग्नादेश काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि अब लोगों की नजरें आगामी फरवरी माह में नियत तारीख पर लग गई है। फिलहाल सुनवायी की तिथि नियत होने पर नगर व आसपास क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के इंतेजाम काफी कड़े रहे।

## एक नज़र इधर भी




सम्भल। अपनादल एस की बैठक में नए सदस्य का स्वागत करते।

## अपना दल एस की बैठक में कइयो ने थामा दामन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अपना दल एस की मासिक बैठक में कईयों ने पार्टी का दामन थामकर पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।
आदमपुर रोड भारत पेट्रोल पंप के सामने पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ ने कहा कि आज पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण लोग स्वयं ही जुड़ते चले जा रहे हैं। इस दौरान बैठक में कई लोगो ने जावेद अशरफ के नेतृत्व मे पार्टी का दामन थामा और सदस्यता ली कार्यकर्ताओं ने पार्टी को आगे बढ़ाने की शपथ ली और जिला पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सम्भल में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी ज्वाइन कराने का अभियान चलाने को कहा। इस मौके पर महिला मंच जिला अध्यक्ष बबीता भारद्वाज, युवा जिला अध्यक्ष अदीब अशरफ, मोहम्मद आसिफ,डा. नाजिम, रेहान, फैजान, रईस, बाबू, जाहिद अली, फारूक, राहुल सैनी, जीतू जाटव, रितु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## बिजली विभाग ने खोया मानवीय संवेदना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिजली विभाग की मानवता शायद खत्म हो गई है। नगर में जगह-जगह विधुत तार हादसों को दावत दे रहे हैं,लेकिन विभाग का इस ओर घ्यान नही है।

नगर और ग्रामीण क्षेत्र में में तार सरों को छूते गुज़र रहे हैं। लाईन के खम्बे से तार बहुत दूर केबल से लेना पड़ता है। इन्ही तारों पर बंदर झूलकर तोड़ देते हैं। जबकि तार काफी नीचे आ गये हैं। पोल पास लगाए जायें। इतना ही नहीरं कई गांवो में तो तार सरों को छू रहे हैं और घरों की छतों पर लटक रहे हैं जो हर समय मकान स्वामियों और उनके बच्चों के जीवन के लिए खतरा बने हुउ हैं। इतना ही नहीं मामूली हवा के झोंका आते ही तार आपस में टकरा जाते हैं। जिससे निकलने वाली चिंगारी किसी न किसी बड़े हादसे का कारण बनने से बाल-बाल बच जाते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार इसकी सूचना बिजली विभाग को दी जा चुकी है लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवायी नहीं होती बलिक तार आज भी मौत बनकर सरों पर लटक रहे हैं,लेकिन बिजली विभाग अपनी मानवीय संवेदना को खो चुका है।

## सूर्यदेव के दर्शन से खिले चेहरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह से आसमान में धुंध की परत छायी रही। दिन का पारा चढ़ने के साथ परत छटते ही सूर्य देवता के दर्शन से मुरझाए चेहरे खिल उठे। सांय तक सूरज की मेहरबानी से लोगों को राहत मिली। जबकि घरों में छिपे लोग बाहर निकलकर कामों पर गए।

कई दिनों से आसमान में सूरज की किरणे पौं सुबह की पौं फटनें के साथ ही नज़र नहीं आ रही थीं। लोग धूप निकलका बेसब्री से इंतेजार करते आ रहे हैं। क्योंकि धूप निकलने पर बड़ी राहत महसूस हो रही है। गुरूवार को सुबह का दिन असमान में धुंध छायी थी। जबकि कोहरे की चादर हट चुकी थी। दिन का पारा चढ़ने के साथ आसमान में चमक होने लगी। जैसे ही दिन की पारा चढ़ा वैसे ही सूर्य ने भी अपने दर्शन देने शुरू कर दिये। जैसे-जैसे आसमान में सूर्य की लालिमा बढ़ती गई वैसे-वैसे शरीर में हल्की गर्माहट महसूस होती गई लेकिन दो पहिया वाहन और ईरिक्शा आदि में सफर करने पर इंडी हवा ने शरीर को पूरी तरह से ठंडा कर दिया। दोपहर को सूरज किरणें दिखाइ देने से मामूली राहत मिली। धूप न निकलने से संकट झेल रहे लोगों के लिए पहाड़ों पर गिरी बर्फ की ठंडक और शीत लहर के प्रकोप ने आग में घी का काम कर दिखाया। हाड़ कांस को कंपाती हवाओं के झोंको ने ठिठुरन को ओर बढ़ा दिया। सर्द हवा के बढ़ते वर्चस्व से परेशान लोग लिहाफ बिस्तरों के छिपने को जल्दी मजबूर हो उठे। दोपहर से ही सही,सूरज की किरणे राहत लेकर आयीं। करीब एक बजे के बाद सूर्य देवता के चमकते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। धीरे-धीरे आसमान पर कब्ज़ा होते ही बुरी तरह ठिठुर रहे लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। सर्दी से बके लिए घरों में छिपे लोग घरों से बाहर निकलकर कामें पर पहुंचे। जबकि मुख्य बाज़ारों ओर गली मौहल्लों के अलावा बस अड्डों पर काफी चहल-पहल रही।

## पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद को भुलाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ईमानदारी की प्रतिमूर्ति और लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर व पूर्व सांसद मौलाना इस्हाक सम्भल को पुण्य तिथि पर भुला दिया गया। हर साल होने वाले कार्यक्रम का आयोजन इस बार नहीं किया गया।

# तापमान में निरंतर गिरावट ने धूप में भी हांड़ मांस को कंपाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तापमान निरंतर गिरता जा रहा है। शीतलहर हाड़ मांस कंपा रही है। जनपद में आज भी पारा काफी नीचे रहा। दोपहर को सूरज निकलते ही थोड़ी राहत मिली,लेकिन ठंडी हवाओं ने गर्मी में सर्दी व गलन का खूब अहसास कराया।

कड़ाके की सर्दी पिछले सभी रिकार्डों को तोड़ती जा रही है। रात होते ही कोहरा छा जाता है जो सुबह देर तक छाया रहता है। जिससे तापमान में काफी गिरवट बनी रहती है। कई दिनों से कोहरा छाये रहने से ठंड का असर शरीर पर ही नहीं पड़ रहा,बल्कि कारोबार में भी मंदी आ गयी है। मैंथा का कारोबार हो या फिर सब्ज़ी बाज़ार अथवा किराना और सर्राफा बाज़ार धूप निकलने तक सूनापन बना रहता है। गुरूवार को भी ठंड का कहर पूरा रहा। सर्दी के सितम ने हांड़ मांस को कंपाकर रख दिया। दोपहर को धूप निकलने के बाद थोड़ी बहुत राहत मिली,लेकिन धूप से हटते ही सर्द हवाओं के झोकों ने कंपाकर रख दिया। दोपहर को धूप निकलने के बाद लोग घरों से निकलने पर ही बाज़ार में भी चहल-पहल दिखायी दी अन्यथा दुकानदार हाथ पर हाथ धरे ग्राहकों के इंतेज़ार में ठंड में सुकड़े हुए अलावा का सहारा लेते रहे।

○सर्द हवाएं कर रहीं धूप का असर-बेअसर

# सूफी अख्तर मियां के उर्स में ठंड पर अकीदत पड़ी भारी



सम्भल। सूफी अख्तर मियां के उर्स की कुल रस्म अदायशगी में दुआ मांगते अकीदतमंद।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** न कोई ठंड और न ही हांड़ मांस को कंपाती सर्दी में बीमार होने का खतरा। बस दिल में अकीदत लिए हजरत सूफी अख्तर मियाँ के उर्स में अकीदत का सैलाब उमड़ पड़ा। दादा मियां की दरगाह स्थित मज़ार पर सुबह से ही अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। नज्र ओ न्याज के साथ अकीदतमंदों ने चारदपोशी की ओर दुआएं मांगीं जबकि कुल शरीफ में देश दुनिया की तरक्की और अमन की दुआ की गई।

मौहल्ला चौधरी सराय दादा फखरूददीन मियां की दरगाह स्थित सूफी अख्तर मियां के सालाना परम्परागत उर्स पर सुबह से अकीदतमंदों का मज़ार पर हाजिरी देना शुरू हो गया था। कड़ाके की ठंड के बाद भी अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी रही। हांड़ मांस को कंपाने वाली सर्दी पर भारी अकीदतमंदों ने सूफी अख्तर मियां के मज़ार पर हाजिरी दी और चादरपोशी कर दुआयें मांगी। जबकि इस दौरान दरगाह के आसपास लंगर का आयोजन दिन भर चलता रहा। इसके अलावा मौहल्ला नाला पर भी लंगर का आयोजन किया गया। गुरूवार को सुबह मुकददस किताब की तिलावत के बाद दरगाह परिसर मे महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमे असलम शान वारसी कव्वाल ने सूफियाना कलामों की प्रस्तुत देकर समां बांध दिया। तत्पश्चात कुल रस्म का आयोजन किया गया। जिसमे उलेमाओं ने मुकददस किताब की तिलावत की उलेमाओं ने दुआ करायी और देश दुनिया में अमन व तरक्की की हज़ारों हाथो ने दुआ मांगी।इस मौके पर मौलाना यासीन वारसी, जुबैर वारसी, फखरे आलम वारसी, नदीम वारसी, जमाल वारसी, आसिफ वारसी, माज वारसी, खालिद हुसैन वारसी, आलम हुसैन वारसी, शमीम वारसी, मौ. रफी वारसी आदि मौजूद रहे।

○दादा मियां की दरगाह स्थित मज़ार पर सैलाब ने दी हाजिरी

# जायंटस की महिलाओं ने लोहड़ी के साथ मनाया नववर्ष का उत्सव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जायंट्स ग्रुप ऑफ संभल सिटी की महिलाओं ने लोहड़ी पर्व के साथ नववर्ष पर जमकर धमाल मचाया।

यशोदा रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई एवं श्वेता शर्मा के स्वागत गीत से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में साधना अरोड़ा शैली भारद्वाज क्षमता गुप्ता रूपाली गुप्ता गरिमा मंगिया नेहा गुप्ता ने गेम्स एवं हाउजी खिलाकर सभी महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। डा. उर्वशी ने पहेलियां पूछी। डा. सुनीता गुप्ता ने सभी को बधाई दी और एक फिल्मी स्टोरी पर अभिनय करके प्रियंका गुप्ता रितु रस्तोगी नीरू चाहल शैली भारद्वाज ने सभी महिलाओं का मन मोह लिया। ब्लैक ड्रेस एवं पटियाला सूट में सभी महिलाओं ने भरपूर मनोरंजन डांस एवं स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद लिया। ग्रुप की अध्यक्ष नीरू चाहल ने कहा कि लोहड़ी एवं मकर संक्रांति हमारे त्योहार प्रेम एकता एवं खुशियों के प्रतीक है। इस मौके पर मंजू अरोडा, नेहा, मोनिका, अलका, अनीता, दीपा, दीबा, रजिया, निदा,नाहिद उषा, मंजू, राधिका, गायत्री, रानी, रेखा, रिया, रुचि, रूही, श्वेता शर्मा, सोनिया, वंदना, अर्चना, शिखा आदि शामिल रही।



सम्भल- लोहड़ी के साथ नववर्ष मनाती जायंटस ग्रुप की महिलाएं।

# नौ एंट्री ज़ोन में भारी वाहनों का प्रवेश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर में अतिक्रमण की समस्या गहराती जा रही है। रोज रोज लगने वाले जामों की वजह से नागरिकों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर में अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न होने से मुख्य बाजारों सहित जगह जगह आये दिन जाम लगना आम बात हो चली है। इसके अलावा नौ एंट्री जोन में भारी वाहनों के प्रवेश से मार्गो पर वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लग जाती हैं। नगर के मुख्य चौराहों, बाजारों एवं मुख्य सड़कों पर सुबह आठ बजे से देर रात तक भारी वाहनों का जमघट लगा रहता है। यातायात पुलिस की निष्क्रियाता की वजह से नो एंट्री जोन मं आये दिन भारी वाहन प्रवेश कर जाते हैं जिस की वजह से लगने वाले जाम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाम की समस्या के चलते कई बार दुर्घनाएं भी होती रहती हैं।

○मुख्य चौराहों पर रोजाना लगता है जाम का झाम

परन्तु इस सबके बावजूद यातायात पुलिस इस समस्या पर अंकुश लगाने में नाकामयाब तो रही ही है, वहीं कुछ पुलिस कर्मी भारी वाहन चालकों से ले देकर वाहनों को नगर के मुख्य बाजार एवं व्यस्त क्षेत्रों में बड़ी आसानी से प्रवेश करा देते हैं। वहीं नगर के मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर लगे स्टालों व सामान टांगने की वजह से भी अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं व्यस्त बाजारों व मार्गो पर चौपहिया व दोपहिया वाहनों के अलावा जगह-जगह रिक्शे खडे रहने से बाजारों में दिन में कई कई बार जाम की समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही इन मार्गो पर खड़ी साइकिलों पर चोर उचक्के भी आसानी से हाथ साफ कर लेते हैं। यही कारण है कि एक लम्बे समय से शंकर कालेज चौराहा, तहसील रोड, अस्पताल चौराहा, चमन सराय, बाजार दरीबा सहित मुख्य बाजार क्षेत्रों से सैकड़ों साइकिले चोरी की जा चुकी हैं। इसके अलावा क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाये जा चुके हैं यह सब खाना पूर्ति ही साबित हुआ। क्योकि प्रशासन अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती से काम नहीं ले रहा है।

# परिवार के साथ जा रही मासूम बच्ची पर आवारा कुत्ते ने किया हमला, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गंज बाजार का बताया जा रहा है, जहां राह चलती एक मासूम बच्ची पर अचानक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्ची अपने परिवार के साथ सड़क पर चल रही थी, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता उस



पर झपट पड़ा और काट लिया। बच्ची के परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने बच्ची को कुत्ते के चंगुल से बचाया। इसके बाद घायल बच्ची को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान लगातार चलाए जाने के बावजूद शहर में कुत्तों की संख्या कम नहीं हो रही है। खासकर बाजार क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों का जमावड़ा आमजन, बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बनता जा रहा है।स्थानीय निवासियों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सन्दीप बडोला बने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य, फार्मेसी जगत में खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सन्दीप बडोला को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मना. नीत किया गया है। उनके इस मनोनयन से प्रदेश सहित देशभर के फार्मेसी जगत में खुशी और उत्साह का माहौल है। फार्मेसी से जुड़े छात्रों, शिक्षण संस्थानों और फार्मा सेक्टर को इससे सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है।सन्दीप बडोला ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में उनकी प्राथमिकता फार्मेसी शिक्षा और पेशे के मानकों को और सुदृढ़ करना होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ना, क्लीनिकल फार्मेसी को बढ़ावा देना, डिजिटल रिकॉर्ड और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एकीकरण तथा फार्मासिस्टों के सतत व्यावसायिक विकास को अनिवार्य करना समय की आवश्यकता है, ताकि फार्मासिस्ट मरीजों की देखभाल में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में फार्मेसी शिक्षा का विनियमन, पेशे के अभ्यास के नियम तय करना, फार्मासिस्टों का पंजीकरण एवं लाइसेंस जारी करना तथा उच्चतम मानकों को बनाए रखना शामिल है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमन्त चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से सन्दीप बडोला को पीसीआई में प्रतिनिधित्व मिलना गर्व का विषय है। इससे प्रदेश के फार्मासिस्टों में विशेष उत्साह है और सभी को विश्वास है कि इससे फार्मेसी क्षेत्र को नई दिशा और पहचान मिलेगी।

## एक नजर

### आवारा कुत्तों का आतंक, जिला अस्पताल में हर दिन पहुंच रहे 50 से अधिक नए मरीज



**मुरादाबाद।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 50 नए मरीज कुत्तों के काटने के बाद रेबीज का टीका लगवाने पहुँच रहे हैं। यह आंकड़ा शहर में बिगड़ती स्थिति की ओर इशारा करता है।जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संगीता गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025 के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। पूरे साल में कुल 18,733 मरीजों ने रेबीज वैक्सीन की पहली खुराक ली, जबकि कुल 40,468 वैक्सीन डोज मरीजों को लगाई गईं। इससे स्पष्ट है कि कुत्तों के काटने की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ रहा है।सीएमएस संगीता गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि वह पालतू कुत्तों का समय से पूर्ण टीकाकरण कराएं, ताकि रेबीज जैसी घातक बीमारी से बचाव हो सके। साथ ही उन्होंने नगर निगम से भी ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनके अनुसार, स्ट्रीट डॉग्स के लिए व्यापक नसबंदी अभियान चलाया जाना चाहिए और रेबीज से संक्रमित कुत्तों को आबादी वाले क्षेत्रों से अलग किया जाना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

### आईटीएसएसओ पोर्टल पर लंबित अभियोगों के निस्तारण को लेकर एसपी ग्रामीण ने विवेचकों के साथ की मीटिंग



**मुरादाबाद।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा पुलिस कार्यालय में आईटीएसएसओ पोर्टल पर लंबित अभियोगों के शीघ्र निस्तारण को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद के विभिन्न थानों से आए संबंधित विवेचकों ने प्रतिभाग किया।समीक्षा बैठक के दौरान एसपी ग्रामीण ने आईटीएसएसओ पोर्टल पर दर्ज सभी लंबित मामलों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की जानकारी ली और जिन मामलों में अनावश्यक देरी पाई गई, उन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही विवेचकों को निर्देशित किया कि विवेचना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए अभियोगों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने कहा कि लंबित अभियोगों का शीघ्र निस्तारण न केवल न्याय प्रक्रिया को गति देता है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने विवेचकों को साक्ष्यों के संकलन, गवाहों के बयान और विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण विवेचना करने के निर्देश दिए।गोष्ठी में यह भी स्पष्ट किया गया कि आईटीएसएसओ पोर्टल पर नियमित रूप से प्रकरणों की अद्यतन स्थिति अपलोड की जाए, जिससे उच्चाधिकारियों द्वारा निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके। अंत में एसपी ग्रामीण ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे निर्धारित समय सीमा में लंबित मामलों का निस्तारण कर बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करें।

# जिला अस्पताल में फार्मासिस्टों ने संदीप बडोला का किया जोरदार स्वागत

## फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य बनने पर दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सन्दीप बडोला को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनीत किए जाने पर फार्मासिस्टों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय मुरादाबाद में फार्मासिस्टों व कर्मचारियों ने उन्हें फोन कर बधाई दी तथा मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।सन्दीप बडोला के मनोनयन को फार्मेसी जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्टों के हितों के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। वह लंबे समय से फार्मेसी शिक्षा, फार्मासिस्टों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर सक्रिय रहे हैं।

उनके अनुभव और कार्यशैली से देश स्तर पर भी फार्मेसी से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।फार्मासिस्टों का कहना है कि सन्दीप बडोला के पीसीआई सदस्य बनने से फार्मेसी शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार के अवसर और पेशे की गरिमा को और मजबूती मिलेगी। जिले सहित प्रदेश भर के फार्मासिस्टों ने इसे पूरे समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# बीमा क्लेम के लिए बेटे की हत्या, अनिकेत हत्याकांड में छठा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुन्दरकी पुलिस ने अनिकेत शर्मा हत्याकांड में शामिल एक और आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी विजयपाल सिंह (71 वर्ष) जनपद बदायूं का रहने वाला है। जानक. ारी के अनुसार 16 नवंबर 2025 को बहजोई निवासी अनिकेत शर्मा की हत्या थाना कुन्दरकी क्षेत्र के जैतपुर इलाके में की गई थी। जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे अनिकेत के नाम कराए गए बीमा की रकम हड़पने की साजिश रची गई थी।

पुलिस जांच में यह तथ्य उजागर हुआ कि हत्या के बाद बीमा क्लेम की रकम आरोपी पिता और मामले के मास्टरमाइंड वकील के बीच बांटने की योजना थी। घटना के करीब एक सप्ताह बाद मृतक के चाचा नवनीत शर्मा ने थाना कुन्दरकी में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक के पिता बाबूराम शर्मा सहित चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि एक आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। आगे की जांच में पुलिस ने विजयपाल सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बाबूराम शर्मा ने उसे जानकारी दी थी कि वकील आदेश



कुमार के माध्यम से अनिकेत का बीमा कराया गया है और हत्या के बाद 25 लाख रुपये मिलने हैं। आरोपी ने स्वीकार किया कि तय योजना के तहत वह और बाबूराम शर्मा अनिकेत को मोटरसाइकिल पर बैठाकर चंदौसी मार्ग पर ले गए, जहां पहले से सुपारी लेने वाले साजिद, असलम और तहब्बुर कार के साथ मौजूद थे। वहां से अनिक. ेत को असलम की कार में बैठाकर रवाना कर दिया गया, जबकि दोनों वापस लौट आए। अगले दिन बाबूराम शर्मा ने अनिकेत की हत्या किए जाने की जानकारी दी।

**थाना प्रभारी का बयान**–थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि "अनिकेत हत्याकांड में अब तक कुल छह आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके थे, एक आरोपी ने आत्मसमर्पण किया था और छठे आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है''

# हिंदू कॉलेज में बीकॉम के छात्र पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का आरोप, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित हिंदू कॉलेज में गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परीक्षा देकर बाहर निकले बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के एक छात्र पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाए जाने का आरोप लगा। घटना करीब दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है।

इस हमले में छात्र की दोनों टांगें व हाथ झुलस गए, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला निवासी फरहाद अली हिंदू कॉलेज में बीकॉम तृतीय सेमेस्टर का छात्र है। आरोप है कि फरहाद गुरुवार को कॉलेज की पहली मंजिल पर कक्ष से परीक्षा देकर बाहर निकला था। वह अपने कुछ दोस्तों के साथ आगे बढ़ रहा था, तभी पीछे से आए एक युवक ने उसकी टांगों पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर लाइटर से आग लगा दी। अचानक आग की लपटें उठते ही फरहाद चीखने लगा, जिससे मौके पर मौजूद छात्र घबरा गए।बताया गया कि साथ मौजूद छात्रों ने तत्काल पानी डालकर आग बुझाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन मौके पर पहुंच गया और घायल छात्र को आनन-फानन में पहले एक निजी



अस्पताल ले जाया गया। बाद में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।पीड़ित छात्र ने पुलिस को दिए अपने बयान में कॉलेज के ही एक छात्र आयुष पर आग लगाने का आरोप लगाया है, हालांकि हमले के पीछे किसी पुरानी रंजिश या विवाद की ठोस वजह अभी सामने नहीं आ सकी है। सूचना पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया कॉलेज पहुंचीं और सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। कोतवाली पुलिस कॉलेज प्रशासन और छात्रों से पूछताछ कर रही है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। घटना के बाद से कॉलेज परिसर में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# चिकित्सा के संग-संग रीति-रिवाजों में हल्दी का उपयोग छह हजार बरस पुराना

**मुरादाबाद।** गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज, पटना में ऑर्थोडॉन्टिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग राय ने बताया कि आयुर्वेद में मुल्तानी मिट्टी, अखरोट स्क्रब और फिटकरी जैसे प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग दंत संरक्षण हेतु किया जाता था, जो आज भी घरेलू स्तर पर प्रचलित हैं। डॉ. राय ने कवला और गंडूष जैसी पारंपरिक विधियों की वैज्ञानिक उपयोगिता पर चर्चा की। साथ ही त्रिफला माउथवॉश, नीम, बबूल एवं मिस्वाक की दातुन के प्रयोग का उल्लेख किया, जिन्हें चबाकर ब्रश के रूप में उपयोग किया जाता था। उन्होंने बताया कि ये आयुर्वेदिक पद्धतियाँ आज भी प्रासंगिक हैं, जिसका प्रमाण यह है कि आयुर्वेदिक टूथपेस्ट और माउथवॉश वर्तमान बाजार में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। डॉ. अनुराग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा-आईकेएस केंद्र की ओर से प्राचीन भारतीय मौखिक स्वच्छता परंपराएं और आधुनिक दंत चिकित्सा में उनकी प्रासंगिकता पर 11वें ऑनलाइन राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव में वाइस चां. सलर प्रो. वीके जैन ने यूनिवर्सिटी की विस्तार से आख्या प्रस्तुत की, जबकि तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने नेशनल कॉन्क्लेव की थीम पर प्रकाश डाला। एआईएमएसटी यूनिवर्सिटी, मलेशिया की विभागाध्यक्षा डॉ. प्रियदर्शिनी कार्तिकेयन ने ओरल लेजन्स में हल्दी की सूजन.




रोधी भूमिका का परिचय देते हुए स्पष्ट किया, आधुनिक शोध का उद्देश्य प्राचीन जड़ी-बूटियों एवम् मसालों विशेषकर हल्दी की जैवउपलब्धता को बेहतर बनाना है। आयुर्वेद में कुर्कुमा लोंगा के नाम से जानी जाने वाली हल्दी को स्वर्णिम मसाला, सूर्य की औषधि माना गया है। उन्होंने बताया, हल्दी में करक्यूमिन के तीन सक्रिय घटक पाए जाते हैं। इसका चिकित्सा और सामाजिक-धार्मिक उपयोग 6,000 वर्षों से अधिक समय से प्रलेखित है। आयुर्वेद में इसे दर्दनाशक, कृमिनाशक, कैंसररोधी, कोलेस्ट्रॉल-नियंत्रक, पाचन, त्वचा और नेत्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि हल्दी की उत्पत्ति भारत में हुई, किंतु आज इसका उपयोग जापान, मलेशिया, कोरिया, चीन, अमेरिका सहित अनेक देशों में किया जा रहा है। डॉ. प्रियदर्शिनी ने कहा, करक्यूमिन ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, फाइब्रोसिस, डिस्प्लेसिया और दर्द को कम करता है, जिससे मुख संबंधी घावों में बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त होते हैं।

करक्यूमिन का उपयोग ओरल म्यूकोसाइटिस, ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस, ओरल कैंसर, ओरल कैंडिडायसिस, आफ्थस स्टोमैटाइटिस, ओरल लाइकेन प्लैनस, पीरियोडॉन्टल रोग और दंत क्षय जैसे रोगों में किया गया है। मिथिला माइनॉरिटी डेंटल कॉलेज, दरभंगा की पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की डॉ. स्वप्निल बुम्ब ने भारतीय मौखिक स्वच्छता परंपराओं में लौंग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, यद्यपि लौंग भारत में व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला मसाला है, रक्तस्राव के सर्वाधिक स्पष्ट उल्लेख पाए जाते हैं। संचालन टीएमयू आईकेएस सेंटर की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल और लॉ फैकल्टी डॉ. माधव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# फिरोज को तीन माह की सजा, जेल भेजा गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अतिरिक्त न्यायालय 138 एन.आई. एक्ट, मुरादाबाद ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है, जिसमें प्रार्थी/दोषसिद्ध फिरोज पुत्र शमीम अहमद को न्यायिक अभिरक्षा में लिया जाता है और उसे सजा भुगतने के लिए सजायवी वारण्ट बनाकर जेल भेजा जाता है। यह आदेश परिवाद संख्या-7723/2017 इरफान बनाम फिरोज में पूर्व पारित आदेश दिनांक-24.03.2021 की पुष्टि करता है, जिसमें प्रार्थी को धारा-138 एन.आई. एक्ट में दोषी पाते हुए तीन माह का साधारण कारावास एवं एक लाख तीस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया था। प्रार्थी ने जिला एवं सत्र न्यायालय, मुरादाबाद में एक क्रि. अपील संख्या-31/2021 योजित की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद, प्रार्थी ने आत्मसमर्पण कर दिया और न्यायालय ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। यह मामला एक चेक बाउंस के मामले से संबंधित है, जिसमें प्रार्थी फिरोज ने इरफान को एक लाख तीस हजार रूपये का चेक दिया था, जो बाउंस हो गया था।



आरोपी फिरोज का फाइल फोटो

इसके बाद, इरफान ने प्रार्थी के खिलाफ परिवाद दायर किया था, जिसमें प्रार्थी को दोषी पाया गया था। इरफान ने फिरोज को 20 लाख रुपए व्यापार में लगाने के लिए दिए थे, लेकिन फिरोज ने पैसे नहीं लौटाए और धोखाधड़ी की। इस मामले में प्रार्थी को तीन माह की सजा और एक लाख तीस हजार रूपये का अर्थदण्ड देना होगा। यह आदेश न्यायालय द्वारा पारित किया गया है और प्रार्थी को जेल भेज दिया गया है।

# विकास मंजिल में जीएसटी और इनकम टैक्स विभाग टीम की छापामारी से व्यापारियों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित विकास मंजिल में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जीएसटी विभाग और इनकम टैक्स विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई शुरू की। अचानक हुई इस छापेमारी से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई दुक. ानदारों ने एहतियातन अपने शटर गिरा लिए।जानकारी के अनुसार विकास मंजिल में फिनाइल और प्लास्टिक रस्सी की दुकान पर जीएसटी विभाग की टीम ने अचानक छापा मारा। इस दौरान विभाग के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुकान में मौजूद बिल, स्टॉक रजिस्टर, टैक्स रिटर्न और अन्य व्यावसायिक दस्तावेजों की गहन जांच की।

अधिकारियों ने बिक्री और खरीद से जुड़े रिकॉर्ड को खंगालते हुए स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया।इसी बीच इनकम टैक्स विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और "फाइन" नाम से दुकान संचालित करने वाले कारोबारी के आवास पर दबिश दी। टीम ने घर के अंदर प्रवेश कर दस्तावेजों, बैंक लेन-देन, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय कागजातों की बारीकी से



जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान किसी को भी घर के अंदर या बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई।अचानक हुई इस संयुक्त कार्रवाई से बाजार में दहशत का माहौल देखा गया। मौके पर मौजूद अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए रहे। अधिकारियों का कहना है कि जांच की प्रक्रिया लंबी है और सभी तथ्यों की पड़ताल के बाद ही आधिकारिक जानक. ारी साझा की जाएगी।सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई टैक्स चोरी और फर्जी लेन-देन की आशंका के चलते की जा रही है। जांच एजेंसियां हर पहलू से मामले की जांच कर रही हैं और इस कार्रवाई में बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम महोदय, मुरादाबाद।**
वाद सं0-टी 202513540124227
**धारा**-116 उ. प्र. रा0 संहिता 2006
**तारीख पेशी:** 12.1.2026
**ओमकार बनाम राजपाल सिंह आदि।**
1. बनाम मनवीर सिंह पुत्र श्री अतर सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2.मोनिका पुत्री अतर सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वास्ते विभाजन हेतु अतएव आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के दिवस 12.01.2026, 10:00 बजे पूर्वान्ह अथवा अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से हो जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 दिवस 07 के माह 01 को निकाली गयी है ।
**सहायक कलेक्टर ( प्रथम श्रेणी )/अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम महोदय, मुरादाबाद।**
वाद सं0-टी 202513540124229
**धारा**-116 उ. प्र. रा0 संहिता 2006
**तारीख पेशी:** 12.1.2026
**मनोज बनाम वेदपाल आदि।**
1. बनाम मनवीर सिंह पुत्र श्री अतर सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. मोनिका पुत्री अतर सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वास्ते विभाजन हेतु अतएव आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के दिवस 12.01.2026, 10:00 बजे पूर्वान्ह अथवा अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से हो जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 दिवस 07 के माह 01 को निकाली गयी है ।
**सहायक कलेक्टर ( प्रथम श्रेणी )/अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, मुरादाबाद।**

# नो एंट्री में चेकिंग को लेकर उठा विवाद, भाजपा कार्यकर्ता की गाड़ी में बैठे दिखे तहसीलदार, वीडियो वायरल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में नो एंट्री के नियमों को लेकर पुलिस प्रशासन की ढिलाई अक्सर चर्चा का विषय बनी रहती है। ऐसे में तहसीलदार प्रवीण कुमार द्वारा नो एंट्री के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई करना भले ही एक सराहनीय कदम माना जा रहा हो, लेकिन जिस तरीके से यह कार्रवाई की गई, उसने प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंगलवार को नगर के तिकोनिया पार्क के पास तहसीलदार प्रवीण कुमार को भाजपा कार्यकर्ता इमरान चौधरीकृजो वार्ड नंबर 6 से जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के संभावित प्रत्याशी बताए जा रहे हैंकृकी काले रंग की स्कॉर्पियो कार (संख्या यूपी 23 एडी 1202) में बैठकर नो एंट्री में घुसे डंपरों की चेकिंग करते हुए देखा गया। स्कॉर्पियो के पीछे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान व भाजपा के संभावित प्रत्याशी इमरान चौधरी की स्कॉर्पियो के पीछे का फ्लेक्सी वोर्ड लगा है। तहसीलदार संभावित प्रत्याशी के काले रंग की स्कॉर्पियो से उतरते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे हैं और पंचायत सदस्य के साथ तहसीलदार ने दो डंपरों को सीज भी किया है। इस पूरी घटना की वीडियो वायरल होने पर तहसीलदार बीजेपी के झन्डे लगी कार मे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने पर नगर में विभिन्न चर्चा का विषय बना है स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसीलदार को सरकारी वाहन उपलब्ध कराया जाता है, इसके बावजूद किसी राजनीतिक कार्यकर्ता की निजी गाड़ी में बैठकर चेकिंग करना प्रशासनिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं माना जा सकता। जनता का यह भी आरोप है कि जिस तरह आनन-फानन में चेकिंग की गई, उससे यह प्रतीत होता है कि कार्रवाई योजनाबद्ध प्रशासनिक प्रक्रिया के बजाय राजनीतिक दबाव या प्रभाव में की गई। लोगों का मानना है कि यदि कोई अधिकारी राजनीतिक पहचान के साथ कार्य करता हुआ दिखाई देता है, तो इससे न केवल प्रशासन की निष्पक्ष छवि प्रभावित होती है। बल्कि संबंधित राजनीतिक दल की छवि पर भी सवाल उठते हैं। इस घटना के बाद तहसीलदार प्रवीण कुमार के साथ-साथ भाजपा संगठन की भूमिका को लेकर भी नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले पर क्या स्पष्टीकरण देता है और भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से कैसे निपटा जाता है। उधर तहसीलदार से दूरभाष पर कई बार फोन करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## नगर में आवारा कुत्ते का आतंक, तीन लोगों पर कुत्तों ने किया हमला, जख्मी

**ठाकुरद्वारा।** नगर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को एक आवारा कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। अचानक हुए हमलों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। नगर में बाजार गंज में स्थित सलीम अहमद ने बताया कि कुत्ता सुबह से ही आक्रामक था और राह चलते लोगों पर झपट रहा था। जिसमे एक बुजुर्ग हमले में घायल हुए लोगों को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना नगर पालिका और प्रशासन को दी गई, लेकिन आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर लोगों में रोष है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने नगर पालिका से आवारा कुत्तों की पकड़-धकड़ और नसबंदी अभियान तेज करने की मांग की है।

# लच्छमपुर लखनेटा गांव में रास्ते की जमीन पर बने मकानों पर गरजा बुलडोजर

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी के गांव लच्छमपुर लखनेटा में गुरुवार को रास्ते में बने मकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर अवैध निर्माण हटाया गया। लच्छमपुर लखनेटा गांव में गाटा संख्या 180 रास्ते की भूमि पर गांव के ही रमेश पुत्र छत्रपाल, ओमवीर पुत्र वीरसिंह, प्रमोद पुत्र शिशुपाल के मकान का कुछ हिस्सा रास्ते में आ रहा था जिसे गुरुवार को राजस्व टीम ने थाना पुलिस व पीएसी बल की मौजूदगी में जेसीबी से ध्वस्त कराया। इससे पूर्व 11 नवंबर 2025 को लच्छमपुर लखनेटा गांव में श्मशान, चकरोड, नाली एवं कब्रिस्तान आदि सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर प्रशासन ने सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया था। उसी समय उपरोक्त लोगों रमेश, ओमवीर, प्रमोद ने



रास्ते में आ रहे अपने मकानों को स्वयं हटाने को कहकर दो तीन दिन का समय लेकर कार्यवाही रुकवा दी थी। लगभग दो माह का समय बीत जाने पर भी रास्ते से अवैध कब्जा नहीं हटाए जाने पर गुरुवार को प्रशासन ने जेसीबी से रास्ते में बने मकानों को ध्वस्त कर रास्ते को कब्जामुक्त कराया। मकान में स्थापित पूजा स्थल पर देव प्रतिमा को गृहस्वामी रमेश ने स्वयं हटाने को कहा है। इस दौरान नायब तहसीलदार रजत कुमार, कानूनगो बाबूराम सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल नीरज चंद्रा, चन्द्रेश वार्ष्णेय, सुनील बाबू, अर्पित सक्सेना तथा कुढ़फतेहगढ़ पुलिस, पीएसी एवं अग्निशमन विभाग से फायरबिग्रेड के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहे। क्षेत्रीय लेखपाल नीरज चंद्रा ने बताया कि लच्छमपुर में धारा 67 की कार्यवाही के तहत गाटा संख्या 180 रास्ते की भूमि से बेदखली का पालन कराया गया है। जिसमें रमेश, ओमवीर, प्रमोद के मकानों का कुछ हिस्सा का निर्माण अवैध रूप से रास्ते में बना था जिसे पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से ध्वस्त कराया गया है।

# कड़ाके की ठंड में नगर पालिका ने जलवाए अलाव



**चन्दौसी।** भीषण ठंड और शीतलहर के चलते लोगों को हो रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के निर्देश पर नगरपालिका चन्दौसी द्वारा शहर में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की गई। गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार प्रमुख चौराहों और रिहायशी इलाकों में अलाव जलाए गए, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिल सके। फुब्बारा चौक, रेलवे स्टेशन, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार, सीता रोड, शक्तिनगर, लक्ष्मनगंज, बारिश नगर, लोधियान मोहल्ला, सेमरटोला, चुन्नी मोहल्ला, गांधी रोड और रामस्वरूप रोड सहित अनेक क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की गई। ठंड के कारण सुबह से ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग अलाव के सहारे ठिठुरन से बचते नजर आए। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने बताया कि अलाव के लिए पर्याप्त मात्रा में सूखी लकड़ी की व्यवस्था की गई है और जरूरत पड़ने पर इसे और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीतलहर को देखते हुए यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। गुरुवार को सुबह कड़ाके की ठंड रही, हालांकि दोपहर में हल्की धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत अवश्य मिली।

# आचार्य ललितेश्वरा नंद महाराज का बिलारी आगमन पर हुआ स्वागत

### सत्संग की अमृत वर्षा कर अवगुण त्याग कर सद्गुण अपनाने पर बल

**बिलारी।** नगर की ओम विहार कॉलोनी स्थित अजय कुमार माथुर के आवास पर बलदेव धाम गुधनी तहसील बिल्सी जनपद बदायूं के आचार्य ललितेश्वरा नंद महाराज के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार की सत्संग वर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अवगुणों को त्याग कर सभी को साधकर जीवन यापन करें। कहा कि सादा जीवन उच्च विचार अपनाकर अपने जीवन में अवगुण को त्याग कर सद्गुणों को अपनाओ, धर्म जोड़ने का संदेश देता है, तोड़ने का नहीं, नर की सेवा से नारायण की सेवा होती है। उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम सभी धर्म वर्ग के लोगों को यहां तो केवल राजनीतिक पार्टियों ने बंटा है हम सभी एक ईश्वरीय शक्ति की संतान है। उन्होंने सभी से प्रेम से रहने पर जोर




दिया, आपस में धर्म वर्ग में न बटने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और सभी के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्य रूप से अजय कुमार माथुर, संजीव कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज मुंडिया घुरेकी बिसौली, अरविंद कुमार बालाजी, सौरभ वशिष्ठ, अनंत मिश्रा, सुमित कुमार, सचिन, राहुल कुमार, विनोद कुमार माथुर, प्रमोद शर्मा, अशोक गुप्ता आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम किया घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी समय सारणी के अनुसार बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम जारी होते ही जिले के सभी संबद्ध महाविद्यालयों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षाओं को सुव्यवस्थित, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी कॉलेजों को परीक्षा कक्षों की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई, बैठने की पर्याप्त सुविधा, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया




गया है। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें और अपना प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ रखें। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना सभी परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक होगा। एस.एम. डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एन.के. शर्मा ने बताया कि परीक्षाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कॉलेज स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुविधा, अनुशासन और समयबद्ध परीक्षा प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पूरी की जा सकें।

# बंदरों के आतंक से राहत लगातार पकड़े जा रहे बंदर

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ते बंदरों के आतंक से लोगों को राहत दिलाने के लिए मथुरा से मंकी कैचर की टीम को बुलाया गया है। यह टीम प्रतिदिन जाल लगाकर 100 से अधिक बंदरों को पकड़कर नगर से दूर सुरक्षित स्थानों पर भेज रही है। इसी क्रम में गुरुवार को बिसौली गेट स्थित चमेली गिरि मंदिर परिसर में वार्ड सदस्य सुलेखा गुप्ता की मांग पर पिंजड़ा लगवाया गया, जहां सुबह के समय जाल बिछाकर करीब सौ से अधिक बंदर पकड़े गए। नगर क्षेत्र में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण स्थिति गंभीर हो



गई थी। रिहायशी इलाकों में बंदर घरों से सामान व कीमती वस्तुएं उठा ले जाते थे और तोड़फोड़ करते थे। मंकी कैचर के अनुसार सुबह के समय बंदर भूखे रहते हैं, ऐसे में केले, सेब और भुने चने डालकर उन्हें जाल में फंसाया जाता है। पकड़े गए बंदरों को रात के समय सुरक्षित खुले जंगल क्षेत्रों में छोड़ दिया जाता है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि गुरुवार को कुल 111 बंदर पकड़े गए हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बेदखली सूचना

मैनें अपने पुत्र विशाल को गलत संगत पड़ने और गाली गलौच, मारपीट व झगड़ा फसाद करने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजेंद्र कुमार पुत्र श्री टीकाराम निवासी-बसंतपुर रामसराय भेंसिया थाना कटघर मुरादाबाद।

# पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट के छात्रों को कोतवाली बिलारी का शैक्षणिक भ्रमण, पुलिस कार्यप्रणाली से रूबरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** गुरुवार को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट्ट, बिलारी में संचालित व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड ख्र सिक्योरिटी गार्ड में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को कोतवाली बिलारी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने की प्रक्रिया, महिला हेल्पलाइन नंबर, तथा पुलिस विभाग की विभिन्न कार्य प्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका, नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य, आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीके और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने थाने की कार्य प्रणाली को नजदीक से देखा और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन ने कोतवाली बिलारी के प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास और व्यावसायिक कौशल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




# राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**चन्दौसी।** गुरुवार को धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार/होमगार्ड्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा) की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डा0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार के साथ जनपद की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जनपद में शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सम्भल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून का राज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, त्यौहारों के दौरान सतर्कता एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने पर बल दिया तथा बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं आदि कार्यों की जानकारी ली।

## नगर में आवारा कुत्ते का आतंक, तीन लोगों पर कुत्तों द्वारा हमला जख्मी

**ठाकुरद्वारा।** नगर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को एक आवारा कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। अचानक हुए हमलों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। नगर में बाजार गंज में स्थित सलीम अहमद ने बताया कि कुत्ता सुबह से ही आक्रामक था और राह चलते लोगों पर झपट रहा था। जिसमे एक बुजुर्ग हमले में घायल हुए लोगों को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना नगर पालिका और प्रशासन को दी गई, लेकिन आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर लोगों में रोष है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने नगर पालिका से आवारा कुत्तों की पकड़-धकड़ और नसबंदी अभियान तेज करने की मांग की है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद प्रकरण में सुनवाई के बाद अगली तिथि 24 फरवरी तय

**चन्दौसी।** हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद संभल से जुड़े विवादित मामले की सुनवाई गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट संभल में हुई। न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 24 फरवरी 2026 निर्धारित की है। मामले की सुनवाई सिविल जज (सी.डी.) संभल, चन्दौसी स्थित न्यायालय आदित्य की अदालत में हुई। वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता रमेश बाबू शर्मा ने न्यायालय में पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिवक्ता रमेश बाबू शर्मा ने बताया कि इसी प्रकरण से जुड़ा मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई की तिथि 13 जनवरी 2026 निर्धारित है। ऐसे में जिला न्यायालय की आगे की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का भी प्रभाव पड़ सकता है। गौरतलब है कि हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद को लेकर यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इसे लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा बनी हुई है। अगली सुनवाई की तारीख तय होने के बाद अब सभी की निगाहें सुप्रीम कोर्ट में 13 जनवरी को होने वाली सुनवाई पर टिकी हुई हैं।

### सार्वजनिक सूचना

सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर बी-621, लाजपत नगर, मुरादाबाद जोकि **खैरुन्निसा बनाम इनाम इलाही** मुकदमा नम्बर-638/2025 मा0 न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) मुरादाबाद में मुकदमा विचाराधीन है। कोई साहब इसे खरीदने की कोशिश न करें, अन्यथा उसके खिलाफ एफ0 आई0 आर0 कराकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी, एवंम् वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
**श्रीमती खैरुन्निसा पत्नी अतीकुर्रहमान निवासी: मटिया महल, दिल्ली।**

**उत्तर रेलवे**

**आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना**

उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के क्षेत्राधिकार में यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाई.टी.एस.के.) की नियुक्ति के लिये आवेदन पत्र की सूचना (फाइल सं. 1-/YTSK/MB-2026) दिनांक: 08.01.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सं. | 1-/YTSK/MB-2026 |
| 2 | कार्य का नाम और स्थान | मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेलवे के क्षेत्राधिकार में आरक्षित व अनारक्षित (PRS CUM UTS) टिकट जारी करने हेतू यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की नियुक्ति जिसकी अवधि तीन वर्षों की होगी |
| 3 | आवेदन पत्र जमा करने का पता, अन्तिम तिथि व समय | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोंचिग उ. रे. मुरादाबाद-244001 कार्यालय में दिनांक 29.01.2026 को सायं 15.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। |
| 4 | सम्पूर्ण आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना कहा देखी जा सकती है | आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। www.nr.indianrailways.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 94/2026

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टम का अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापा, अभिलेखों की गहन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुख्यमंत्री के आदेशानुसार नगर में संचालित अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी केंद्रों की जांच के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक के निकट स्थित साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी कर निरीक्षण किया। टीम के पहुंचते ही केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर मौजूद अभिलेखों की बारीकी से जांच शुरू की। इसके बाद टीम शाहबाद चौराहे के पास स्थित न्यूरो मेड डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंची, जहां अभिलेखों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. राजेश सिंह मौके पर उपलब्ध नहीं मिले। टीम ने वहां मौजूद मरीजों से पूछताछ की और केंद्र की कार्यप्रणाली का सूक्ष्म परीक्षण किया। कुछ समय बाद डॉ. राजेश सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने सभी संबंधित चिकित्सा अभिलेख टीम को उपलब्ध कराए।

जांच के दौरान मरीजों से भी जानकारी ली गई। नेहा चौधरी ने बताया कि वह टीवीएस जांच कराने आई हैं, जबकि फातिमा ने अल्ट्रासाउंड जांच कराने की बात कही। आवश्यक जांच-पड़ताल के उपरांत टीम आगे के निरीक्षण के लिए रवाना हो गई।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर एम पी एस स्टाल के आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 29.01.26 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 97/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2025/B/6983650 | सेवाओं के लिए अनुकूलित निविदा – विभिन्न श्रेणियों में 53 कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग जिनमें 19 सहायक कैंटीन कर्मचारी, 18 सामान्य सहायक सामान्य प्रशासनिक कर्मचारी और 16 गृह रखरखाव सहायक शामिल है। यह नियुक्ति ओक ग्रोव स्कूल के रखरखाव और देखभाल के लिए न्यूनतम मजदूरी पर की जाएगी। | 01 Nos. | 3,31,460/- | 1,65,72,994/- | 28.01.2026 11:00:00 |

नोट:- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-निविदा में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

सं.: 50-S/LP/2026 दिनांक: 08.01.2026 92/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटीं

**वुहान, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं। झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है। हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है। झेंग ने इस वापसी को अविश्वसनीय रूप से कठिन बताया।

### तिलक की हुई सर्जरी न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने पर संशय

**नई दिल्ली, वार्ता।** मंगलवार को राजकोट में बंगाल के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफ़ी मुकाबले के बाद दर्द की शिकायत के बाद भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के पेट के निचले हिस्से में सर्जरी की गई है। तिलक को तत्काल ही स्कैन कराने की सलाह दी गई जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। अब आने वाले कुछ दिनों में उनके बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। इससे उबरने में और उनकी वापसी की समय का अनुमान उनकी दोबारा जांच के बाद ही लगाया जा सकेगा। तिलक को हुई इंजरी के समय को देखते हुए 21 जनवरी से शुरू हो रही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20आई सीरीज में उनके न खेल पाने की संभावना प्रबल है। तिलक भारत के टी-20 विश्व कप दल का भी हिस्सा हैं।

# हम श्रीलंका में विश्व का खेलना चाहते हैं: बांग्लादेश

## बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने बीसीबी की मांग को दोहराया



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मांग को दोहराया है। उन्होंने कहा कि बीसीबी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की गंभीरता के बारे में आईसीसी को समझाने का प्रयास करेगा और उन्होंने साथ ही इस मामले को बांग्लादेश की गरिमा से संबंधित भी बताया। नजरुल ने मंगलवार को आईसीसी और बीसीबी की चर्चा के बाद आईसीसी द्वारा प्राप्त हुए संदेश पर बात करते हुए कहा कि आज आईसीसी का पत्र पढ़ने के बाद हमें यह समझ आया कि आईसीसी को भारत में बांग्लादेशी क्रिकेटरों की सुरक्षा संबंधी समस्या की गंभीरता का पूर्ण रूप से एहसास नहीं है।

मेरा मानना है कि यह सिर्फ़ सुरक्षा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय अपमान का भी मामला है। बीसीसीआई खुद कोलकाता (नाइट राइडर्स) की टीम से कह रहा है कि इस खिलाड़ी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती इसलिए उसे बाहर कर दें। यह अपने आप में इस बात की मौन स्वीकृति है कि भारत में खेलना बहुत सुरक्षित नहीं है।

बांग्लादेश के फ़िलहाल अपने पहले तीन ग्रुप मुकाबले कोलकाता जबकि अंतिम मुक.ाबला मुंबई में खेलना है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच बिना कोई स्पष्ट कारण बताए बीसीसीआई द्वारा केकेआर को मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज करने का निर्देश दिए जाने के बाद वेन्यू को लेकर समस्या खड़ी हो गई। मुस्तफ़िज़ुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी और बीसीबी ने भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने को लेकर आईसीसी को पत्र भी लिखा। इस मुद्दे पर मंगलवार को बीसीबी की आईसीसी के साथ बातचीत हुई और बुधवार सुबह बीसीबी ने बयान जारी करते हुए आईसीसी द्वारा मिली किसी भी चेतावनी का खण्डन किया। इसके साथ ही बीसीबी ने कहा कि वह इस मामले पर आईसीसी के साथ व्यवहारिक समाधान तलाशने का प्रयास करेगा। हालांकि बुधवार को ही नजरुल ने बांग्लादेश के भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने की इच्छा को दोहराया। नजरुल ने कहा कि हम भारत में सांप्रदायिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन जब बात हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा, बांग्लादेश की सुरक्षा और गरिमा की बात आती है तो हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम क्रिकेट खेलना चाहते हैं, हम विश्व कप खेलना चाहते हैं लेकिन हम श्रीलंका में खेलना चाहते हैं जो कि अन्य मेजबान देश है। हम अपने इस रुख पर कायम हैं क्योंकि हमें उम्मीद है कि हम आईसीसी को समझाने के प्रयास में सफल होंगे और आईसीसी हमारे तर्क को निष्पक्ष रूप से स्वीकार करेगा और हमें विश्व कप में खेलने का मौका देगा। आगे जो भी होता है हम उसके अनुसार रुख अख्तियार करेंगे। अभी के लिए हमारे रुख यही है कि हम आईसीसी को यह समझाएंगे कि भारत में हमारे खेलने के लिए हालात सही नहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजरुल के साथ मौजूद बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताएं केवल टीम तक ही सीमित नहीं हैं और बोर्ड विश्व कप के संबंध में सरकार की सलाह का पालन करेगा। हम आईसीसी को समझाने का प्रयास करेंगे, सुरक्षा से संबंधी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। आपको पता है कि हाइब्रिड वर्ल्ड कप आयोजित किए जाने का मुख्य कारण सुरक्षा है।

# दानिल मेदवेदेव, कोर्डा मिशेलसेन क्वार्टरफाइनल में

● **मेदवेदेन ने 61 मिनट में 6-3 6-2, से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में फांसिस टियाफो के खिलाफ अपना शानदार लेक्सस एटीपी हेड2हेड रिकॉर्ड बनाए रखा और अपने 90वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे।

मेदवेदेव को बुधवार को हुए इस मुकाबले में कोई ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 61 मिनट में 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं, अब इस जोड़ी की हेड2हेड श्रृंखला में टियाफो से 6-1 से आगे हैं, उनकी सभी सात भिड़ंत हार्ड कोर्ट पर हुई हैं। मेदवेदेव की ब्रिस्बेन में अच्छी यादें हैं, क्योंकि वह 2019 में अपने एकमात्र पिछले मुकाबले में फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी रैंकिग में नंबर 13 खिलाड़ी ने 2026 के अपने पहले दो मैचों में अभी तक एक भी सेट नहीं हारा है और वह कामिल माजच्रजाक के खिलाफ भी इसी फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे। पोलिश खिलाड़ी ने रेली ओपेल्का को 6-7(2), 7-6(7), 7-6(8) से हराया, और तीन मैच प्वाइंट बचाए। दो अच्छे दोस्तों के बीच मुकाबले में, अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन ने अपने हमवतन लर्नर टिएन को 6-4, 6-2 से हराया। 21 साल के एलेक्स ने अपनी किशोरावस्था में टिएन के साथ ट्रेनिग की थी और जेद्दा में 13 महीने पहले अपनी पहली मुलाकात के बाद से नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स खेला।

# वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी, निकहत व हितेश आसानी से सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के टॉप बॉक्सर, जिनमें वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन, वर्ल्ड बॉक्सिग कप गोल्ड मेडलिस्ट हितेश गुलिया और अन्य शामिल हैं, गुरुवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आसान जीत के साथ एलीट पुरुष और महिला नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। यह पहली बार है कि पुरुष और महिला नेशनल चैंपियनशिप एक ही जगह पर एक साथ हो रही हैं और देश भर से 600 बॉक्सर पुरुष और महिलाओं के लिए 10-10 वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहे हैं। ऑल इंडिया पुलिस की मीनाक्षी (महिलाओं का 45-48 किग्रा) ने पंजाब की कशिश मेहता को 5:0 से हराया, जबकि निकहत (48-51किग्रा) ने मणिपुर की लांचेनबी चानू टोंगब्रम को इसी अंतर से हराया। पुरुषों के 65-70किग्रा क्वार्टर फाइनल में, हितेश ने पंजाब के तेजस्वी को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट पवन बर्तवाल (पुरुषों का 50-55किग्रा), जादुमणि सिंह (50-55किग्रा) और सचिन (55-60किग्रा) सभी ने अपने मुकाबलों में सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पवन ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को हराया, जादुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को हराया। महिलाओं के 51-54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को 5-0 से हराया, जबकि साक्षी ने आरएसपीबी की पूनम को 4-1 से हराया।

# सिंधु, चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में



● **पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए**

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को गुरूवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भी युगल वर्ग क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिधु ने पहला गेम 21-8 से जीता और दूसरे गेम में भी यही लय बनाए रखते हुए मैच 21-13 से अपने नाम किया। यह दुनिया की नंबर 18 पीवी सिधु की टोमोका मियाजाकी के खिलाफ तीन मैचों में दूसरी जीत थी। क्वार्टर फाइनल में सिधु का मुक.ाबला चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। बैडमिटन रैंकिग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन 53 मिनट में हांगकांग के दुनिया के18 नंबर खिलाड़ी ली चेउक यिउ से 22-20, 21-15 से हार गए। 24 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की, ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाए रखी और पहले गेम में उनके पास चार गेम पॉइंट भी थे। हालांकि ली चेउक यिउ ने लगातार छह पॉइंट हासिल किए, जिससे लक्ष्य सेन टाई-ब्रेक में पहला गेम हार गए। दूसरे गेम में, लक्ष्य सेन ब्रेक तक 11-8 से आगे थे, लेकिन बाकी मैच में सिर्फ चार और अंक जोड़ पाए, क्योंकि ली चेउक यिउ ने मैच पर नियंत्रण कर लिया और अगले राउंड में पहुंच गए। यह ली चेउक यिउ के खिलाफ पांच मैचों में लक्ष्य सेन की तीसरी हार है। आयुष शेट्टी भी अपना प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की पुरुष एकल चुनौती समाप्त हो गई। चीन के टॉप सीड और विश्व चैंपियन शी युकी के खिलाफ, आयुष शेट्टी एक घंटे और 12 मिनट में 21-18, 18-21, 21-12 से हार गए। इस बीच, भारत की शीर्ष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और याप रॉय किग के खिलाफ खेलते हुए चिराग शेट्टी और सात्विक ने यह मैच 21-18, 21-11 से जीत लिया।

# वहेंगबाम सुधीर ने जीता स्वर्ण पदक



● **19 वर्षीय सुधीर ने गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक दिलाया**

**दीव, वार्ता।** मणिपुर के वहेंगबाम सुधीर मीतेई ने केआईबीजी 2026 की पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 19 वर्षीय सुधीर ने न केवल चुनौतियों पर काबू पाया, बल्कि प्रेमचंद्र एन्गखोम के साथ मिलकर गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक भी दिलाया। मुकाबले के बाद सुधीर ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया बीच गेम्स था और आने से पहले मैंने अपने माता-पिता से वादा किया था कि मैं स्वर्ण पदक लेकर लौटूंगा। फाइनल के दौरान कुछ पल ऐसे थे जब घबराहट हुई, क्योंकि माता-पिता से हुई सारी बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं गोल्ड जीत सका। सुधीर के मुताबिक, दीव का अनुभव उनके करियर की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा था। वह कहते हैं कि हम आमतौर पर रेत पर प्रदर्शन करने के आदी नहीं हैं, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन यह एक नया अनुभव था और मैंने हर पल का आनंद लिया। मैंने हमेशा खेलो इंडिया मंच के बारे में सुना था, लेकिन इसे खुद अनुभव करना बेहद खास रहा। और स्वर्ण पदक के साथ लौटना इसे और भी यादगार बना देता है। इंफाल की प्रसिद्ध नवांग स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षित खिलाड़ी सुधीर उसी संस्थान से निकले हैं, जिसने भारत को गंडा इवेंट में बिशन और जॉनसन के रूप में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता दिए हैं। 2018 में सीनियर खिलाड़ियों से प्रेरित होकर सुधीर ने पेंचक सिलाट शुरू किया और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने जूनियर नेशनल्स में 45-50 किग्रा टांडिग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

# ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-1 से जीती

## एलेक्स कैरी ने विजयी बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली, जिससे गर्मियों में उनका दबदबा दिखा। आखिरी दिन 160 रन के टारगेट का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए, जिसमें एलेक्स कैरी ने विजई बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली।

इससे पहले, जैकब बेथेल के शानदार 154 रन के बावजूद इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 342 रन पर आउट हो गया, जिन्हें उनकी मैराथन पारी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला। मिचेल स्टार्क ने एक बार फिर अहम झटका दिया, सीरीज को 31 विकेट के साथ खत्म किया, जब इंग्लैंड के आखिरी खिलाड़ी जोश टंग को मार्नस लाब.ुशेन ने वाइड मिड-ऑफ पर कैच कराया। उस्मान ख्वाजा (6), स्टीव स्मिथ (12) और लाबुशेन (37) के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य कुछ देर के लिए डगमगा गया, लेकिन कैमरन ग्रीन (नाबाद 22) के शानदार स्ट्रोकप्ले और कैरी (नाबाद16) के धैर्य ने पक्का किया कि देर से कोई अलार्म नहीं बजा।

हेड को टेस्ट में उनके असर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि स्टार्क को गेंद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज का फैसला असल में बहुत पहले ही हो गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर 11 दिनों के अंदर एशेज अपने पास रखी थी। पर्थ में शुरुआती टेस्ट में, जो एक तीखी पिच पर खेला गया था, इंग्लैंड पहले दिन 172 रन पर आउट हो गया, जब स्टार्क ने सात विकेट लेकर मेहमान टीम को ढेर कर दिया। पहली इनिग में बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरी इनिग में उनकी आक्रामक बैटिंग का तरीका उल्टा पड़ गया। ख्वाजा के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करनी पड़ी, इस कदम ने सीरीज को बदल दिया। हेड ने 69 गेंदों में सेंचुरी बनाई और ऑस्ट्रेलिया दो दिन के अंदर 1-0 से आगे हो गया।

ब्रस्बेन में दूसरे टेस्ट में स्टार्क ने पिक बॉल से अपना प्यार जारी रखा, पहले दिन छह विकेट लिए। जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, लेकिन इंग्लैंड की फील्डिग ने उन्हें निराश किया क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े और ऑस्ट्रेलिया को 177 रन की अहम बढ़त बनाने दी। विल जैक्स और बेन स्टोक्स के ज्यादा कंजर्वेटिव अप्रोच से इंग्लैंड ने हार थोड़ी देर टाल दी, लेकिन जोफ्रा आर्चर और स्मिथ के बीच जबरदस्त मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा और मेजबान टीम 2-0 से आगे हो गई। एडिलेड में तीसरे टेस्ट में, पैट कमिस कप्तान के तौर पर लौटे जबकि स्मिथ नहीं खेल पाए, जिससे ख्वाजा को वापस बुलाया गया।

# विजय हजारे ट्रॉफी: पंजाब ने मुंबई को 1 रन से हराया

● **गुरनूर बराबर-मयंक मार्कंडेय की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने मुंबई को हराया**

**जयपुर, वार्ता।** गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय (चार-चार) विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में मुम्बई पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की पूरी टीम मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 45.1 ओवर में 216 के स्कोर पर सिमट गई। पंजाब के लिए रमनदीप सिंह ने सर्वाधिक 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। अनमोलप्रीत सिंह ने छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 57 रन बनाए। नमन धीर (22), सुखदीप सिंह बाजवा (17), हरप्रीत बराड़ (15) और प्रभसिमरन सिंह (11) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अभिषेक शर्मा (आठ) सहित पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचे सके। मुम्बई के लिए मुशीर खान ने तीन विकेट लिए। ओंकार तरमाले, शशांक अतारडे और शिवम दुबे को दो-दो विकेट मिले। साईराज पाटिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई के लिए अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को गुरनूर बरार ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी ने (23) और मुशीर खान ने 21 रन बनाए। सरफराज खान एक बार फिर आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 20 गेंदों में पांच छक्के और सात चौके लगाते हुए 62 रन ठोक डाले। 15वें ओवर में उन्हें मयंक मार्कंडेय ने पगबाधा आउट किया। सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे का बल्ला भी नहीं चला। सूर्यकुमार यादव (15) और शिवम दुबे 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक समय मुम्बई ने 22-3 ओवरों में छह विकेट पर 210 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए सात रनों की दरकार थी। 25वें ओवर में हरनूर सिंह ने हार्दिक तामोरे (15) को आउटकर मुम्बई की मुश्किल को बढ़ा दिया। अगले ही ओवर में हरप्रीत ने साईराज पाटिल (एक) को बोल्डकर मुम्बई को आठवां झटका दिया। 27वां ओवर करने आए मयंक मार्कंडेय ने शशांक और ओंकार को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजा।

## दिल्ली ने हरियाणा को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, वार्ता।** इशांत शर्मा, नवदीप सैनी और प्रिंस यादव (तीन-तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नीतीश राणा (नाबाद 57) और वैभव कांडपाल (नाबाद 28) की पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हरियाणा को 219 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इशांत शर्मा को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। यहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा के बल्लेबाज इशांत शर्मा की अगुवाई में दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 25.4 ओवर में महज 105 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।

## सरफराज खान ने लिस्ट 'ए' क्रिकेट में जड़ा सबसे तेज अर्द्धशतक

**जयपुर, वार्ता।** सरफराज खान ने विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया। जयपुर के जयपुरिया विद्यालय मैदान पर 217 के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी ने 8-2 ओवर में 57 रनों की साझेदारी करते हुए मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। अपने भाई के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज ने आते ही स्पिनरों पर धावा बोल दिया।उन्होंने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा के एक ओवर में तीन छक्के और तीन चौके जड़े और इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के खिलाफ पांच गेंदों में 19 रन बटोर लिए। सरफराज ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और जब उन्हें मंयक मार्कंडे ने पगबाधा किया तब वह सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 20 गेंदों पर 62 रन बना चुके थे। इस उपलब्धि के साथ सरफराज खान ने महाराष्ट्र के अभिजीत काले और बड़ौदा के अतीत सेठ के संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा।

# 2027 एशेज सीरीज खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं स्टीव स्मिथ



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उम्रदराज खिलाड़ियों का समूह 2027 एशेज खेलने को लेकर उत्सुक है लेकिन वह खुद को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह उस सीरीज का हिस्सा हो पाएंगे या नहीं क्योंकि तब तक वह 38 के हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में सबसे उम्रदराज टीमों में से एक टीम के साथ जीत हासिल करते हुए एशेज पर 4-1 से कब्जा जमाया। टेस्ट इतिहास में अब तक सिर्फ़ सात बार कोई टीम 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ खेली है और ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में दो बार (पर्थ और सिडनी में) ऐसा किया। अन्य पांच बार ऐसा करने वाली टीम इंग्लैंड थी जो 1909 से 1926 के बीच 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी थी। इस सीरीज की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया में शामिल उम्रदराज खिलाड़ियों पर सवाल उठे थे लेकिन 35 वर्षीय मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जबकि 36 वर्षीय स्कॉट बोलैंड ने सभी पांच टेस्ट खेले और उन्होंने 24-95 की औसत से 20 विकेट हासिल किए। वहीं 35 वर्षीय माइकल नीसर ने भी अहम भूमिका निभाते हुए तीन टेस्ट में 19.93 की औसत से 15 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन स्मिथ से पूछा गया कि अन्य खिलाड़ी 2027 में इंग्लैंड में खेलने के लिए कितने उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा कि इंग्लैंड में दो ड्रॉ एशेज सीरीज खेलने के बाद यह एक ऐसी चीज (इंग्लैंड में एशेज जीतना) है जिसे वह हासिल करना चाहेंगे लेकिन फ़िलहाल वह अनिश्चित हैं।

स्मिथ ने फ़ॉक्स क्रिकेट से कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि हर कोई वहां जाकर खेलना चाहता है और एशेज जीतने के लिए अपना 100 फ़ीसदी देना चाहता है। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैंने अपने करियर में नहीं किया है इसलिए मैं निश्चित तौर पर हासिल करना चाहता हूं। हालांकि मैं वहां खेलने जा पाऊंगा या नहीं यह एक अलग सवाल है। पिछले चार या पांच वर्षों से हमारे पास एक बेहतरीन दल है और मुझे विश्वास है कि हम आगे विकसित होते रहेंगे और बेहतर करते रहेंगे।

# फर्जी बिल ट्रैडिंग कर करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** फर्जी बिल ट्रैडिंग के जरिए बोगस फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी कर राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने वाले गैंग के एक सदस्य को एसआईटी अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।उपायुक्त वाणिज्य कर (अनुसंधान शाखा) राज्य कर रेंज-ए, मुरादाबाद कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप था कि एसएम इंटरप्राइजेज द्वारा लकड़ी के कारोबार को बोगस फर्मों से दिखाकर बिल ट्रैडिंग की गई और अवैध रूप से आईटीसी लेकर राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया।मामले की विवेचना एसआईटी टीम ने तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर की। अभिसूचना संकलन




के दौरान आरोपी अरशद अली पुत्र औरंगजेब अली निवासी नई बस्ती, जसपुर जनपद ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड का नाम सामने आया, जिसे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने दोस्त अमान और अहतेशाम के साथ मिलकर जीएसटी चोरी का नेटवर्क चलाया। अमान जीएसटी पोर्टल के काम में दक्ष है और खुद को सीए (पर्स्यू) बताता है। आरोपियों ने जसपुर, ठाकुरद्वारा, रामपुर, बिजनौर, काशीपुर और अमरोहा क्षेत्रों के लोगों का डाटा जुटाकर करीब 22 फर्जी/बोगस फर्में बनाई। फर्जी ई-वे बिल भी तैयार किए जाते थे।

अमान ने एसएम इंटरप्राइजेज नाम से फर्म तैयार कर उसमें म्यूल बैंक खाता खुलवाया और फर्जी सिम नंबर के जरिए नेट बैंकिंग संचालित की जाती थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## मुरादाबाद रेलवे मंडल ने दिसम्बर 2025 में अर्जित किया 145 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद रेल मंडल निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और यात्रियों व व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम राजस्व वृद्धि के रूप में सामने आ रहा है। मंडल ने माह दिसंबर 2025 में 145.19 करोड़ रुपये का रेल राजस्व अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो दिसंबर 2024 की तुलना में 6.05 प्रतिशत अधिक है।आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2025 में मुरादाबाद मंडल से 42.14 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 76.23 करोड़ रूपए की यात्री आय प्राप्त हुई। यह आय पिछले वर्ष दिसंबर 2024 की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक रही। वहीं मालभाड़े से मंडल को दिसंबर 2025 में 56.76 करोड़ रूपए की आय हुई, जो दिसंबर 2024 से 6.6 प्रतिशत अधिक है।अनाधिकृत यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियानों से भी मंडल को अच्छी आय प्राप्त हुई। दिसंबर 2025 में टिकट चेकिंग से 4.05 करोड़ रूपए अर्जित किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा अन्य कोचिंग सेवाओं से 5.65 करोड़ रूपए तथा विविध आय से 6.54 करोड़ रूपए की कमाई हुई।रेल प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर सुधार, समयबद्ध सेवाएं और सघन जांच अभियानों के चलते मंडल की आय में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसे भविष्य में और बढ़ाने के प्रयास जारी रहेंगे।

## एक नजर

### भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संस्थापक राजा चंद्रवंशी की जयंती पर सेवा कार्यक्रम हुआ आयोजित



**मुरादाबाद।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संस्थापक पूज्य राजा चंद्रवंशी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को महानगर में सेवा और समर्पण से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाजपत नगर, रामपुर रोड स्थित कटघर थाने के सामने किया गया, जहां संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूज्य राजा चंद्रवंशी जी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर नमन किया।इसके पश्चात कड़कती ठंड को देखते हुए राहगीरों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। सुबह से लेकर दोपहर तक चाय और पकौड़ों का वितरण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने लाभ लिया। सेवा कार्य में संगठन के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इसी क्रम में शाम को लाइन पर स्थित जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान चलाया गया,जिसमें नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया और मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद महिला टीम द्वारा कुष्ठ आश्रम में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिली।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंदर जीत गुलाटी, मंडल महासचिव कमल सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, मंडल प्रवक्ता संस्कार कत्याल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पूज्य राजा चंद्रवंशी जी के विचारों पर चलने और मानव सेवा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### मुरादाबाद जनपद आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जनशिकायत निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**मुरादाबाद।** आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जनशिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण में माह दिसम्बर 2025 की मासिक रैंकिंग में जनपद मुरादाबाद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन और प्रभावी पर्यवेक्षण का परिणाम है।एसएसपी द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि थानों पर आने वाले पीड़ितों व शिकायतकर्ताओं से संवेदनशीलता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष जांच के बाद नियमानुसार किया जाए।आईजीआरएस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए शासन द्वारा निर्धारित समयावधि का कड़ाई से पालन किया गया।शिकायतों की जांच के लिए जांच अधिकारी मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच करते हैं। जांच आख्या संतोषजनक न होने पर संबंधित अधिकारी को पुनः जांच के निर्देश दिए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि थाना मझोला, डिलारी, मूंढापांडे, भगतपुर, कुंदरकी, पाकबड़ा, बिलारी, कटघर, ठाकुरद्वारा, कांठ, छजलैट, मैनाठेर, नागफनी, कोतवाली, गलशहीद एवं महिला थाना ने भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### 'इको क्लब फॉरमेशन नोटिफिकेशन अपलोड' करने के जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान अध्यापकों को निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार द्वारा गत तीन माह से इको क्लब फॉर मिशन लाइफ पोर्टल पर विद्यालय स्तरीय इको क्लब फार्मेशन नोटिफिकेशन अपलोड करने के आदेश लगातार दिए जा रहें है जिनका संज्ञान शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लिया जा रहा है जनपद मुरादाबाद मे 3958 सरकारी /सहायता प्राप्त /मान्यता विद्यालयों के सापेक्ष अभी तक मात्र 1229स्कूलो द्वारा नोटिफिकेशन ( ग्रीन प्रपत्र )अपलोड किया जो काफी कम है इसे अपलोड करने मे मात्र 3 मिनट का समय लगता हैस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैंस समस्त संकुल शिक्षकों को दायित्व दिया है कि अपनी न्याय पंचायत के निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों मे कल इस प्रपत्र को विजिट करके पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

### एसएम कॉलेज प्रकरण में विश्वविद्यालय ने स्थिति की स्पष्ट, अभिलेख न देने पर जताई आपत्ति

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के संबंध में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा 06 जनवरी को एक पत्र के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थान एवं परीक्षा नियंत्रक के समक्ष स्थिति स्पष्ट की गई है। यह मामला माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज में अवैतनिक सचिव एस.एम. कॉलेज चन्दौसी द्वारा दायर वाद संख्या 39537 ऑफ 2025 से जुड़ा हुआ है, जिसमें जारी आदेश के बिंदु संख्या 05 का उल्लेख किया गया है। विश्वविद्यालय के अनुसार कुलपति द्वारा 11 दिसंबर 2025 को अपराह्न 12:30 बजे सुनवाई निर्धारित की गई थी। इस दौरान महाविद्यालय की ओर से प्रतिनिधि द्वारा तीन दिन का समय मांगा गया, किंतु एस.एम. कॉलेज सोसाइटी द्वारा आवश्यक अभिलेख विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराए गए। विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय की पैतृक सोसाइटी के बायलॉज की प्रति, स्थापना से लेकर अद्यतन सोसाइटी गठन से संबंधित समस्त अभिलेख, मातृ संस्था विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में दी गई अनुमोदन संस्तुति की प्रतियां मांगी थीं।

विश्वविद्यालय ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया है कि 29 सितंबर 2025 को महाविद्यालय द्वारा भेजे गए पत्र संख्या एस.एम.सी. एसआरडी 25-26 में बिंदु संख्या 02 पर अंकित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी कारण 04 अक्टूबर 2025 को अवैतनिक सचिव को पुनः निर्देशित किया गया था, क्योंकि आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में प्रबंध समिति के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी। वहीं अवैतनिक सचिव शांतनु कुमार ने कुलपति के निर्णय को पूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह निर्णय महाविद्यालय के बर्खास्त प्राचार्य से हितबद्ध होकर लिया गया प्रतीत होता है। साथ ही इस संबंध में महाविद्यालय की ओर पत्र जारी कर जानकारी दी गई है।

## कुन्दरकी में मायावती के जन्मदिन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



**कुन्दरकी।** विधानसभा क्षेत्र 29 कुंदरकी में आगामी 15 जनवरी को बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि डॉ. रणविजय सिंह (मुख्य सेक्टर प्रभारी, मुरादाबाद मंडल) ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष निर्मल सागर, जिला समन्वयक सुनील कुमार आजाद, गजेंद्र सिंह, एडवोकेट शिव शंकर सागर, जिला पंचायत सदस्य हाजी रफी, विधानसभा अध्यक्ष राकेश कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही सामाजिक कल्याण, संगठन की मजबूती एवं पार्टी के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## नई सड़क के नाले को हाईवे के नाले से जोड़ने की मांग, विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने जेई को मौके पर बुलाकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में नई सड़क बिलारी के व्यापारियों ने समाजवादी पार्टी के विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद बिलारी द्वारा नई सड़क पर बनाए जा रहे नाले को पुराने नाले में मिलाए जाने पर आपत्ति जताई। व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका परिषद बिलारी द्वारा हाईवे पर जिस नाले का निर्माण कराया गया है, यदि उसी में नई सड़क बिलारी का नाला जोड़ दिया जाए तो आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से प्रभावी रूप से निजात मिल सकती है। बारिश के समय दुकानों और सड़क पर पानी भरने से व्यापार और आम जनजीवन प्रभावित होता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने नगर पालिका परिषद बिलारी के जेई को मौके पर बुलाया, जहां उन्होंने नई सड़क के नाले को नगर पालिका परिषद बिलारी के हाइवे वाले नाले में मिलाने के लिए



जेई को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि जनहित से जुड़े इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर चिराग अग्रवाल, राहुल शर्मा, आरिफ अंसारी, अनुज गुप्ता, तारिक उस्मान, संजय शर्मा, अजय राठी, अनूप गुप्ता, किशनवीर यादव, हबीब अहमद, खलीक अहमद, घनश्याम गुप्ता, राजेश प्रजापति, राजवीर सिंह, पिंटू शर्मा, शिवेंद्र गुप्ता, मोंटी सिंघल, निक्की शर्मा, तुषार गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा दिन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के तीसरे दिन का शुभारंभ 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' प्रार्थना से किया गया। हाउस फायर पार्टी संगठन के बारे में जानकारी श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) ने पहले सेशन में हाउस फायर पार्टी संगठन के बारे में बताया। उन्होंने हाउस फायर पार्टी के महत्व और इसके गठन के बारे में विस्तार से बताया।

अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग की विधि दूसरे सेशन में फायर सर्विस ऑफिसर ने 'अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग की विधि' को समझाया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग के बारे में बताया और उनका प्रदर्शन भी किया। स्थाई अग्निशामक प्रणाली और पी पी ई किट तीसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक ने 'स्थाई अग्निशामक प्रणाली, पी पी ई किट आदि' पर चर्चा की गई। उन्होंने स्थाई अग्निशामक प्रणाली के महत्व और इसके उपयोग के बारे में बताया।

## राहत! इलेक्ट्रिक बस सेवा ने किराया किया आधा , जनता को मिली राहत

**मुरादाबाद।** सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (डब्सैस) द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बस सेवा नागरिकों को सुगम, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल नगरीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्यूनतम किराया दार 10 से घटकर रुपये 5 कर दी है जिससे जनता को राहत मिले पहुंचेगी। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनुराग यादव का कहना है कि नगरीय बसों का किराया और अधिक किफायती होने से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ेगा साथ ही जनसामान्य को पर्यावरण अनुकूल किफायती इलेक्ट्रिक बस सेवा का लाभ प्राप्त होगा। इस संबंध में है एस.पी.वी. की आय एवं राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ जनसामान्य को सस्ती, सुरक्षित एवं सुगम नगरीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत अध्यक्ष/मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह द्वारा एस.पी.वी. मुरादाबाद के अंतर्गत संचालित इलेक्ट्रिक बसों के वर्तमान किराया ढांचे में आंशिक संशोधन किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसके अंतर्गत न्यूनतम किराया 10 से घटाकर 5 निर्धारित किया गया है। नगरीय इलेक्ट्रिक बसों के किराये में की गई इस कमी से यात्रियों एवं आम नागरिकों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे। छोटी दूरी की यात्राओं में राहत, 3 किलोमीटर तक की यात्रा पर किराया आधा हो जाने से छात्र, श्रमिक, कर्मचारी एवं स्थानीय बाजार जाने वाले दैनिक यात्रियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा ख्र किफायती किराये के कारण अधिक संख्या में नागरिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे, जिससे निजी वाहनों एवं ऑटो आदि पर निर्भरता कम होगी। पर्यावरण संरक्षण, इलेक्ट्रिक बसों के अधिक उपयोग से वायु प्रदूषण में कमी आएगी तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। यातायात जाम में कमी ख्र शहर में अत्यधिक संख्या में संचालित ऑटो एवं ई-रिक्शा के उपयोग में कमी आने से यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। यह निर्णय जनहित में नगरीय परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 26 अधिवक्ताओं ने पास की ऑल इंडिया बार परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील बिलारी में विधि व्यवसाय कर रहे 26 अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार परीक्षा पास कर ली है जिसको लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में खुशी का माहौल दिखाई दिया इन उत्तीर्ण अधिवक्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था साथ ही उनके वरिष्ठ अधिवक्ताओं में भी काफी खुशी दिखाई दी। तहसील बार एसोसिएशन ने बार के पूर्व अध्यक्ष आफाक हुसैन के चेंबर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया। इन सभी अधिवक्ताओं को बार अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह ने मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि विधि व्यवसाय अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ चुनौती भरा है सभी अधिवक्ताओं



को चाहिए कि वह स्टडी करते रहें और स्वयं को अपडेट रखें इससे वह निरंतर सफलता की ओर बढ़ते जाएंगे। बार के संरक्षक रामकुमार सिंह यादव ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है इसलिए सभी अधिवक्ता अपने सीनियर्स से मार्गदर्शन प्राप्त करते रहें ताकि वह विधि व्यवसाय में पारंगत बन सकें। छह मर्तबा बार के अध्यक्ष रहे आफाक हुसैन ने कहा कि इस बार काफी अधिक संख्या में हमारे नए अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करके अपनी प्रतिभा को साबित करके दिखाया है उन्होंने कहा कि बिना इस परीक्षा के अब कोई भी अधिवक्ता विधि व्यवसाय करने के योग्य नहीं है क्योंकि बार काउंसिल आफ यूपी का यह सख्त नियम है कि बिना सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस (सीआ.पी) नंबर के विधि व्यवसाय नहीं कर सकते। सचिव सुनील कुमार ने कहा कि हमारी तहसील में अधिकतर अधिवक्ताओं ने बार एग्जामिनेशन पास कर लिया है और जो गिने-चुने शेष हैं वह अगली बार की परीक्षा अवश्य पास कर लेंगे। सभी ने इनका स्वागत किया मिष्ठान वितरण भी किया गया।

ऑल इंडिया बार परीक्षा पास करने वाले अधिवक्ता- आतिफ कमाल, ताहिर हुसैन, अबुल हसन, योगेंद्र कुमार, कपिल चौधरी, इरफान मलिक, वेदराम मौर्य, मोहम्मद फैजान, अनिल कुमार,नासिर हुसैन, राहुल कुमार, कपिल कुमार शर्मा, शुभम राघव, सुमित चौधरी, श्रीओम सिंह, अखिलेश कुमार यादव, शुभम राघव,पुनीत कुमार, बंटी सिंह, शाहरुख मलिक, राजकुमार सिंह,, मोहम्मद तबरेज खान, बसर अली अशोक कुमार, अनुभव शर्मा, जाहिद मलिक आदि थे।

## अधिवक्ताओं ने पास की परीक्षा

**मुरादाबाद।** कचहरी परिसर में शुक्रवार को खुशी का माहौल दिखाई दिया, जब विधि व्यवसाय कर रहे अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार परीक्षा पास कर ली। इनमें शशिकांत गौतम उर्फ बंटी पुत्र स्वर्गीय हरिवंश सिंह और





जाने आलम शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा को साबित करके दिखाया है। बार काउंसिल ऑफ यूपी के सख्त नियम के अनुसार, बिना सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस (सीओपी) नंबर के कोई भी अधिवक्ता विधि व्यवसाय नहीं कर सकता। इस परीक्षा को पास करने वाले अधिवक्ताओं में अनुज कुमार शर्मा एडवोकेट, मौहम्मद सालिम एडवोकेट, विपिन प्रजापति एडवोकेट, राजीव वर्मा एडवोकेट, अवधेश कुमार, नफीस अहमद पत्रकार, आफताब पाशा एडवोकेट, हिमांशु एडवोकेट, नासिर अली एडवोकेट, लईक अहमद एडवोकेट एडवोकेट, अब्दुल रऊफ एडवोकेट, आदि शामिल हैं। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा पास करना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है और अब वे विधि व्यवसाय में अपना करियर बना सकते हैं।

# कुत्तों पर सुनवाई

आवारा कुत्ते क्या वास्तव में इंसानों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह आवारा कुत्तों को लेकर सुनवाई हो रही है, उससे तो यही लगता है कि मामला वास्तव में गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। गुरुवार को जोकि लगातार सुनवाई का दूसरा दिन था, कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में अदालत के सामने दलीलें रखी गई। जोकि काफी मजेदार भी रही। ढाई घंटे तक चली बहस में जस्टिस नाथ का कहना था कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं, इसलिए काटते हैं। हालांकि जज की इस बात पर जो कुत्तों का फेवर करने वाले अधिवक्ता ने इन्कार किया। इस पर जस्टिस नाथ यह कहने से नहीं चूके कि अपना सिर मत हिलाइए, यह बात वह पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहे हैं।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने यह दलील दी कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं, उसमें किसी ने यह नहीं बताया कि नगरपालिका की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। उनके अनुसार देश में सिर्फ 5 शेल्टर हैं और इनमें प्रत्येक में मात्र 100 कुत्ते रह सकते हैं। ऐसे में इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। वहीं एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने भी मजाकिया अंदाज में कह डाला कि क्या इसके लिए बिल्लियां ले आएं। इस पूरे मामले पर सात महीनों से कोर्ट में छह बार सुनवाई हो चुकी है और पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स और रेलवे स्टेशन से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। आदेश देते समय कोर्ट ने यह भी कहा था कि इन कुत्तों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ता की यह भी दलील थी कि कुत्तों को समझाना संभव नहीं है, लेकिन कुत्तों की देखभाल करने वाले मालिक को समझाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने हर डॉग लवर और एनजीओ की याचिका लगाने में जो एक तय राशि जमा करनी होती है, उसको हटाने की मांग की है। कोर्ट ने भी उसी लहजे में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। जज महोदय का यह कहना सही है कि कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है। उन्होंने आखिरी बार हुई 2009 में गिनती का हवाला भी दिया और कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही 5 लाख 60 हजार कुत्ते थे। जाहिर है, आज के संदर्भ में यह संख्या कई गुना बढ़ी हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि कुत्तों को लेकर आए दिन बड़ी दुखदायी खबरें सामने आती रहती हैं। कई मामलों में तो जान तक चली जाती है, जिसमें बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते हैं।

## एक भी वोट न कटने पाए



वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए, तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा, मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है, अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर- मकान तक पर संकट आ सकता है।

**-अखिलेश यादव , अध्यक्ष ,समाजवादी पार्टी**

# पक्षियों की जिंदगी और ध्वनि प्रदूषण

आज की तेजी से विकसित होती दुनिया में, शोर प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन गई है। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, और जनसंख्या वृद्धि के कारण शोर स्तर बढ़ता जा रहा है। इस शोर प्रदूषण का न केवल मनुष्यों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के जीवन को भी प्रभावित करता है। इस लेख में हम यह समझेंगे कि शोर प्रदूषण किस प्रकार पक्षियों के जीवन, उनके व्यवहार, और उनके प्रजनन पर प्रभाव डालता है।

**शोर प्रदूषण क्या है?**

शोर प्रदूषण उन सभी अवांछित ध्वनियों को संदर्भित करता है जो मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न होती हैं। यह ध्वनियां ट्रैफिक, औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण कार्य और सार्वजनिक कार्यक्रमों से उत्पन्न होती हैं। शोर प्रदूषण को मापने के लिए डेसीबल का प्रयोग किया जाता है। 85 dB से अधिक के स्तर को शोर प्रदूषण माना जाता है।

**पक्षियों की संवेदनशीलता**

पक्षी अपनी सुनने की क्षमता और संवेदी तंत्र के लिए जाने जाते हैं। उनका अधिकांश संचार स्वर और आवाज के माध्यम से होता है। पक्षियों की अनेक प्रजातियां आवाज को अपने शिकार, साथी, और दुश्मनों के पहचानने के लिए उपयोग करती हैं। इसलिए, शोर प्रदूषण पक्षियों की जीविका के लिए एक गंभीर खतरा है।

**शोर प्रदूषण के प्रभाव**

1. व्यवहार में परिवर्तन

शोर प्रदूषण पक्षियों के व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालता है। विभिन्न अध्ययन दर्शाते हैं कि जब पक्षियों को उच्च स्तर के शोर के संपर्क में लाया जाता है, तो उनके गाने की आवृत्ति और ध्वनि स्तर में बदलाव होता है। इससे उनकी संचार क्षमता प्रभावित होती है, और वे साथी को आकर्षित करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

2. प्रजनन पर प्रभाव

शोर प्रदूषण का प्रजनन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई प्रजातियों में यह देखा गया है कि शोर के कारण अंडों की संख्या में कमी, अंडों के फटने में देरी, और शिशुओं की मृत्यु दर में वृद्धि होती है। जब माता-पिता शोर से परेशान होते हैं, तो वे अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हो सकते हैं।

3. भोजन की उपलब्धता

शोर प्रदूषण से पक्षियों की भोजन खोजने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। जब शोर स्तर बढ़ता है, तो पक्षियों को अपने शिकार या भोजन को पहचानने में कठिनाई होती है। इससे उनकी ऊर्जा खर्च होती है, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

4. स्वास्थ्य पर प्रभाव

शोर प्रदूषण के कारण पक्षियों में तनाव स्तर बढ़ जाता है। यह तनाव विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि हृदय रोग, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, और सामान्य स्वास्थ्य में गिरावट। तनावग्रस्त पक्षियों का जीवन काल भी प्रभावित हो सकता है।

**अध्ययन और शोध**

विभिन्न शोधों ने शोर प्रदूषण के पक्षियों पर प्रभाव की पुष्टि की है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में यह पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाली चिड़ियों की प्रजातियों की प्रजनन दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम थी। इसके अलावा, कई शोधकर्ताओं ने पाया है कि शोर प्रदूषण से प्रभावित पक्षियों में मानसिक तनाव और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए हैं।

**समाधान और संरक्षण**

1. शोर स्तर को नियंत्रित करना

सरकार और स्थानीय प्राधिकरणों को शोर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने चाहिए। जैसे कि ट्रैफिक को नियंत्रित करना, निर्माण कार्यों के समय को सीमित करना, और औद्योगिक ध्वनियों को कम करना।

2. संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना

विशेष संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना से पक्षियों को सुरक्षित स्थान प्रदान किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में शोर प्रदूषण को कम किया जा सकता है, जिससे पक्षियों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में रहने का अवसर मिलेगा।

3. जन जागरूकता

लोगों को शोर प्रदूषण के प्रभावों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।

4. अनुसंधान और विकास

शोर प्रदूषण के प्रभावों को समझने के लिए और अनुसंधान की आवश्यकता है। यह शोध न केवल पक्षियों, बल्कि अन्य जीवों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

**निष्कर्ष**

शोर प्रदूषण केवल मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए भी एक गंभीर समस्या है। हमें इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने पर्यावरण को बचा सकें और पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास में रहने का अवसर प्रदान कर सकें। हमें समझना होगा कि प्रकृति का संरक्षण हमारे अपने भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

यदि हम इस समस्या के प्रति जागरूक रहें और इसे हल करने की दिशा में प्रयास करें, तो हम न केवल पक्षियों को बल्कि पूरी पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रख सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें।



## विलुप्त हो रहे पक्षियों की संख्या

हालांकि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई पक्षियों की प्रजातियां प्रभावित हो रही हैं, विशेष रूप से उनके संचार और प्रजनन पर प्रभाव डालने के कारण, कोई सटीक संख्या बताना मुश्किल है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि पिछले कुछ दशकों में कई पक्षी प्रजातियां शोर के कारण अपने आवासों से बाहर जा चुकी हैं।

**टॉड के पक्षी**

इन पक्षियों का प्रजनन स्थान शोरगुल वाले क्षेत्रों में होने के कारण प्रभावित हुआ है, जिससे उनकी संख्या में कमी आई है।

**संगीत पक्षी**

जो अपने सुंदर गीतों के लिए जाने जाते हैं, वे ध्वनि प्रदूषण के कारण अन्य पक्षियों के साथ संवाद नहीं कर पा रहे हैं।

**विलुप्त होती प्रजातियां**

शोधकर्ताओं का मानना है कि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कुछ प्रजातियां जैसे कि श्हेम्पस्टरश और इबिस तेजी से घट रही हैं।

# मनुष्य के विकास में दूध के सेवन का संबंध

**कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है।**

मनुष्यों द्वारा दूध के सेवन का इतिहास मुर्गी और अंडा की पहेली जैसा है। मनुष्य दूध का सेवन तब से करते आ रहे हैं जब उनमें इसे पचाने की व्यवस्था भी नहीं थी, लेकिन डीएनए में उपयुक्त परिवर्तन के लिए जरूरी था कि वे दूध का सेवन करें। तो सवाल है कि क्या दूध पीने की शुरुआत पहले हुई या दूध पचाने के लिए जरूरी उत्परिवर्तन? ताजा अध्ययनों के अनुसार आधुनिक केन्या और सूडान के लोग कम से कम 6000 वर्षों से दुग्ध उत्पादों का सेवन कर रहे हैं यानि वे दूध को पचाने वाले जीन के अस्तित्व में आने से भी पहले से दूध का सेवन करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि सभी मनुष्य बचपन में दूध पचाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगता है कि वयस्कों में यह क्षमता पिछले 6000 वर्षों में ही विक. सित हुई है।

कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुदाई में मिले सूडान और केन्या के 2000 से 6000 वर्ष पुराने 8 कंकालों के दांतों की कठोर परतों में दुग्ध-संबंधी प्रोटीन की उपस्थिति देखी, जिससे लगता है कि ये लोग लगभग 6000 वर्ष पहले से डेयरी उत्पादों का सेवन कर रहे थे। नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित यह अध्ययन अफ्रीका और विशेष रूप से विश्व की डेयरी खपत का प्राचीनतम प्रमाण है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि अफ्रीका में डेयरी उद्योग यूरोप के डेयरी उद्योग जितना या उससे भी अधिक पुराना है और तो और, 2020 में कुछ अफ्रीकी कंकालों के डीएनए के अध्ययन के अनुसार प्राचीन अफ्रीकी लोगों में उस समय दूध को पचाने वाले किसी जीन का विकास भी नहीं हुआ था। वे लोग लैक्टेस निरंतरता से पहले से ही दूध का सेवन करते आ रहे थे। कंकालों में मिला प्रोटीन दूध, पनीर या दही जैसे किण्वित उत्पादों से आया होगा। कई संस्कृतियों में किण्वन का उपयोग दूध का सेवन करने से पहले उसकी शर्करा को तोड़ने के लिए किया जाता रहा है ताकि लैक्टेस की अनुपस्थिति में भी दूध उत्पादों का सेवन कर सकें। अंतत: वह उत्परिवर्तन हुआ होगा, जिसने लोगों को दूध से अधिक से अधिक पोषण प्राप्त करने में मदद की।




वाशिंगटन यूनिवर्सिटी की पुरातत्वविद फियोना मार्शल के अनुसार, जिन अफ्रीकी लोगों में लैक्टेस की निरंतरता अधिक थी वे लोग अधिक समय तक जीवित रहते थे और उनके बच्चे भी ज्यादा होते थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि लैक्टेस निरंतरता के चयन का कारण पर्यावरणीय भी हो सकता है। गौरतलब है कि दूध मुश्किल परिस्थितियों में आबादी का प्रबंधन करने का एक बढ़िया तरीका है जिसमें चरवाहे जानवरों की हत्या किए बिना ही उनसे पोषण प्राप्त कर सकते थे। सूखे के समय में भी ये चौपाए उनके लिए पानी के फिल्टर और भंडारण का काम किया करते थे। जब तक ये जीव जिंदा रहते थे, तरल, प्रोटीन और पोषण का स्रोत हुआ करते थे।

**...स्रोत फीचर्स**

# सबकुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुन: सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।





**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल

( ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच सड़क किनारे आग के पास खुद को गर्म करती महिलाएं।

## मादुरो, सिलिया को गिरफ्तारी के दौरान में चोट लगीः वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनकी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी थी। कैबेलो ने बुधवार को कहा कि श्रीमती सिल्विया को सिर में चोट लगी और शरीर पर मुक्के मारे गए, जबकि मादुरो के पैर में चोट लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना की सिलिया फ्लोरेस को ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब वे मादुरो को ले जा रहे थे, तो उनका पत्नी सिलिया को ले जाने का कोई इरादा नहीं था, मगर श्रीमती सिलिया ने उनसे कहा कि अगर तुम मेरे पति को ले जाओगे, तो तुम्हें मुझे भी ले जाना होगा।

# ट्रम्प का कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अमेरिका आने का न्यौता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कोलंबिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बात करने के कुछ ही दिनों बाद, बुधवार को दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर बात हुई। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में बताया कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने नशीली दवाओं की तस्करी और दोनों देशों के बीच जारी अन्य विवादों पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन किया था।

इस बातचीत के बाद ट्रम्प ने घोषणा की है कि पेट्रो के साथ राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में वार्ता की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के कार्यभार संभालने और वेनेजुएला में हालिया सैन्य अभियान के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहला सीधा संवाद है। ट्रम्प ने लिखा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के साथ बात करना सम्मान की बात थी। उन्होंने नशीली दवाओं की स्थिति और हमारे बीच रहे मतभेदों को समझाने के लिए फोन किया था। मैं उनके कॉल और बात करने के लहजे की सराहना करता हूं और निकट भविष्य में उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो और कोलंबिया के विदेश मंत्री के बीच बैठक की तैयारियां की जा रही हैं। यह बैठक व्हाइट हाउस में होगी, हालांकि अभी इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। पेट्रो ने भी इस बातचीत की पुष्टि करते हुए इसे 'सौहार्दपूर्ण' बताया और कहा कि उन्होंने दोनों सरकारों के बीच सीधे संवाद की बहाली का अनुरोध किया है। पेट्रो ने राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह बातचीत एक घंटे से अधिक समय तक चली।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद से अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रम्प ने बार-बार कोलंबिया पर अमेरिका में कोक. ेन की तस्करी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलंबिया ने इन आरोपों को झूठा बताया और स्पष्ट किया है कि वह संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों के बीच बल प्रयोग या धमकी की बात अस्वीकार्य है।

## वेनेजुएला तेल बिक्री की आय से केवल अमेरिकी उत्पाद खरीदेगाः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि वेनेजुएला अपनी तेल बिक्री से होने वाली आय का उपयोग केवल अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि नए तेल समझौते से प्राप्त धन से वेनेजुएला केवल अमेरिका निर्मित उत्पाद ही खरीदेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस खरीद में कृषि उत्पाद, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और ऊर्जा आपूर्ति वाले उपकरण शामिल होंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह कदम वेनेजुएला के मुख्य आर्थिक भागीदार के रूप में अमेरिका की स्थिति को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे एक बुद्धिमानी भरा विकल्प और वेनेजुएला तथा अमे. रिका, दोनों के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात बताया। यह घोषणा ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला तीन से पांच करोड़ बैरल तेल अमेरिका को देगा जिसकी बिक्री से मिला पैसे का प्रबंधन अमेरिकी निगरानी में होगा। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल निर्यात की निगरानी करेगा और मौजूदा प्रतिबंधित आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य के उत्पादन को अमेरिकी रिफाइनरियों और अन्य बाजारों में बेचेगा। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के तहत लगभग दो अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल अमेरिका भेजा जा सकता है।

# भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका!

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी।

यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है। रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों से जुड़े बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों के सांसदों का समर्थन मिला है। इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है।

इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी। रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपाटिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग चुका है। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए ट्रेड डील पर बातचीत भी चल रही है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। लिडसे ग्राहम ने 5 जनवरी को कहा था कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्र के घर गए थे। उस मुलाक. ात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवम्बर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो दिसम्बर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रतिदिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है।



- यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था, इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है
- इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं

## ट्रम्प ने अमेरिका को 66 वैश्विक निकायों से अलग किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए देश को 66 वैश्विक संगठनों से अलग करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़े निकायों सहित इन 66 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और आयोगों से अब अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है। आदेश के अनुसार, ए समूह अब अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की सेवा नहीं करते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन संगठनों की पहचान बेकार, अप्रभावी और हानिकारक संस्थाओं के रूप में की है। अमेरिकी प्रशासन की ऐसी समीक्षा का कार्य अभी जारी है, जिससे भविष्य में ऐसे संगठनों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान आदेश में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े उन निकायों को निशाना बनाया गया है जो जलवायु, श्रम और इनसे संबंधित मुद्दों पर केंद्रित हैं। अधिकारियों के अनुसार, 'कार्यकारी आदेश 14199' के तहत की गई सरकार-व्यापी समीक्षा में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र से संबंधित ऐसी संस्थाएं पाई गईं जो अमेरिकी मानकों पर खरी नहीं उतरीं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सात जनवरी को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि इनमें से कई संगठनों को अनावश्यक, कुप्रबंधित या विशेष हितों द्वारा नियंत्रित पाया गया है, जो अमेरिकी प्राथमिकताओं के विपरीत काम कर रहे हैं।

# अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता स्थगित करते हुए आरोप लगाया है कि अधिका. रियों ने खाद्य सहायता से भरा विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफ़पी) का एक गोदाम नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि सोमाली अधिकारियों ने दानदाताओं द्वारा वित्त पोषित 76 टन खाद्य सहायता जब्त कर ली थी, जो जरूरतमंद सोमालियाई लोगों के लिए थी।

विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा, षविदेश विभाग ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी जारी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। ट्रम्प प्रशासन मानवीय सहायता की बर्बादी, चोरी और हेरफेर को बिलकुल सहन नहीं करेगा और उसने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की कोई भी बहाली सोमाली संघीय सरकार पर निर्भर होगी, जो अपने अस्वीकार्य कार्यों के लिए जवाब. देही लेगी और उचित सुधारात्मक कदम उठाएगी। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट में डब्ल्यूएफपी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि मोगादिशु बंदरगाह में एक खाद्य गोदाम को बंदरगाह अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि गोदाम में कुपोषित गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के इलाज के लिए विशेष पौष्टिक भोजन था। डब्ल्यूएफपी के प्रवक्ता ने कहा कि यह गोदाम हमारे आपातकालीन अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे समय में जब लगभग एक चौथाई आबादी (44 लाख लोग) सोमालिया में भूख के संकट स्तर या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी इस मुद्दे को हल करने के लिए अधिकारियों और भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से अमे. रिका में सोमाली समुदाय के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा है कि वे 'अमेरिका को नष्ट कर रहे हैं।' उन्होंने सोमा. लिया से एक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर पर भी हमला किया, जो एक बाल शरणार्थी के रूप में अमेरिका आई थीं।

## श्रीलंका में भारी बारिश का अनुमान मछुआरों को समुद्र से लौटने की सलाह

**कोलंबो।** श्रीलंका मौसम विभाग ने गुरुवार को समुद्र में मौजूद मछुआरों को तुरंत वापस लौटने या सुरक्षित ठिकानों पर शरण लेने का आग्रह किया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक 'गहरा दबाव' शुक्रवार को देश को प्रभावित कर सकता है जिससे भारी भारिश की चेतावनी दी गई है। विभाग ने मछुआरों को अगले आदेश तक समुद्र में न जाने की सलाह भी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले साल आए चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित हुए कई जिलों में 100 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयार रहने को कहा है। इस बीच, सिंचाई विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि देश में भारी बारिश होती है, तो नदियों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है।

## बीएनपी नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की ढाका में गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वॉलंटियर विग स्वेच्छासेबक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की बुधवार रात ढाका के कारवां बाजार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव सुफियान ब्यापारी मसूद को घायल कर दिया।

यह घटना देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिताओं के बीच हुई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने द डेली स्टार को बताया कि मुसब्बिर को पंथपथ के बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मसूद को बाद में इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (डीएमसीएच) ले जाया गया। पुलिस और पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुसब्बिर शाम को शहर के एक होटल में शरीयतपुर के कुछ लोगों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद मुसब्बिर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। हमलावर मौके से भाग गए। बीएनपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं समेत कुछ लोगों ने गोलीबारी के बाद सोनारगांव चौराहे के पास विरोध-प्रदर्शन किया।

## दिल के दौरे, स्ट्रोक के लिए मकड़ी के जहर से बनी दवा का परीक्षण शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने दुनिया की सबसे खतरनाक मकड़ियों में से एक के जहर से तैयार दवा का दिल के दौरे और स्ट्रोक मरीजों पर नैदानिक परीक्षण शुरू किया है। शोधकर्ताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के एक बयान के अनुसार, 'फेज 1 क्लीनिकल ट्रायल' के दौरान 'आईबी409' नामक दवा की सुरक्षा, सहनशीलता और इसकी सही खुराक का परीक्षण किया जाएगा। यह एक नई दवा है। इसे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी 'इन्फेंसा बायोसाइंस' ने ऑस्ट्रेलियाई 'फनल-वेब' मकड़ी के जहर में पाए जाने वाले अणु से विकसित किया है।

# बांग्लादेश को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाक

## दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की, चीन की मदद से बनाया था जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट

**ढाका।** पाकिस्तान बांग्लादेश को जेफ-17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है। पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है।



बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिंधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई। इसमें जेफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। जेफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर विकसित किया है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम माना जाता है और पाकिस्तान वायुसेना में पहले से सेवा में है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 'सुपर मुश्शक' ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है। इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लान्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है। बांग्लादेश की ओर से इस संभावित सौदे पर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े हैं। दिसम्बर के अंत में ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाक. ात की थी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार सुधार आया है। मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाक. ात कर चुके हैं।

नवम्बर 2024 में, 1971 के बाद पहली बार एक पाकिस्तानी कार्गो जहाज चटगांव बंदरगाह पहुंचा था। इसके अलावा अप्रैल 2025 में ढाका में 15 साल बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों ने मुलाकात की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी 27-28 अप्रैल को ढाका का दौरा किया था, जो 2012 के बाद पहली उच्च-स्तरीय यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर चर्चा की थी।

# ट्रम्प के इशारों पर चल रही वेनेजुएला की सरकार

## ट्रम्प ने कहाः यहां से तेल निकालकर दुनिया को बेचेंगे, अमेरिका कई साल राज करेगा

- ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी, अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और उसके विशाल तेल भंडार से सालों तक तेल निकालेगा। न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार जो भी जरूरी है, वह सब दे रही है।

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका कितने समय तक वेनेजुएला पर सीधा कंट्रोल रखेगा। क्या यह तीन महीने होगा? छह महीने? एक साल? या उससे भी अधिक? इसपर उन्होंने कहा कि 'यह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह काफी लंबा समय होगा, शायद सालों तक। ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। ट्रम्प ने कहा कि मैं आपको यह नहीं बता सकता। ट्रम्प ने कहा कि वह भविष्य में वेनेजुएला की यात्रा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा समय जल्द आएगा जब मेरा वहां जाना सुरक्षित हो जाएगा। ट्रम्प से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल की बिक्री को अनिश्चित काल तक अपने कंट्रोल में रखेगा। रिपब्लिकन सांसदों ने ज्यादातर इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी है कि बिना स्पष्ट कानूनी अधिकार के अमेरिका एक लंबे अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर बढ़ रहा है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता मानने के सवाल का जवाब नहीं दिया, जबकि विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो, जिनकी पार्टी ने 2024 के चुनाव में जीत हासिल की थी और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार जीता, को समर्थन नहीं देने का कारण भी नहीं बताया। ट्रम्प ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि उन्होंने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में मान्यता क्यों दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रोड्रिगेज से बात की है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो लगातार उनके संपर्क में हैं। मैं आपको बता दूं कि हम उनके और प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी नहीं बताया कि अमेरिका ने विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन क्यों नहीं किया, जबकि उनकी पार्टी ने 2024 में निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनावी जीत का दावा किया था और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार भी जीता। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का फोन भी उठाया। यह बातचीत करीब एक घंटे चली। इसके बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि पेट्रो ने कोलंबिया से निकलने वाले ड्रग्स की स्थिति पर सफाई दी है और उन्हें वाशिंगटन आने का न्योता दिया गया है। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प को कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के काल की जानकारी दी गई। ट्रम्प ने आपरेशन एब्सोल्यूट रिजाल्व की भी चर्चा की, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया।

